विषयानुक्रम

इतिहास History 7–13
राजनीति विज्ञान Political Science 14–28
अंतर्राष्ट्रीय संबंध International Relations 29–30
लोक प्रशासन Public Administration 31–32
नीतिशास्त्र/समाजशास्त्र Ethics/Sociology 33–36
इकोनॉमिक्स एवं डेवलपमेंट स्टडीज़
Economics and Development Studies 37–39
पर्यावरण विज्ञान/भूगोल Environmental Science/Geography 40–42
भाषा और साहित्य Language and Literature 43–46
भारतीय भाषा लोक सर्वेक्षण (PLSI) 47–57
संस्कृत Sanskrit 58
द्विभाषा संस्करण Bilingual Edition 59
संदर्भ एवं विविध Reference/Miscellaneous 60–61
योग Yoga 63
अनुक्रमणिका Index 65

038152

ukV % *इस सूची में मुद्रित मूल्य बिना पूर्व जानकारी के बदले जा सकते हैं।*

This Catalogue is designed by Suresh Kumar Sharma, New Delhi

नवीन

राजनीति सिद्धांत : अवधारणाएँ और विमर्श

संपादन : संजीव कुमार

एनईपी के नवीनतम स्नातक पाठ्यक्रम के अनुरूप लिखी गई यह पुस्तक स्नातकोत्तर छात्रों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी। यह पुस्तक पाठकों को न केवल राजनीतिक सिद्धांत की मूल अवधारणाओं से बल्कि महत्त्वपूर्ण समकालीन बहसों से भी परिचित कराने में सहायक होगी। पुस्तक सामाजिक और राजनीतिक प्रथाओं के महत्त्वपूर्ण और चिंतनशील विश्लेषण और विवेचन पर केंद्रित है। यह स्वतंत्रता, समानता, न्याय, अधिकार, लोकतंत्र जैसी जटिल अवधारणाओं का एक स्पष्ट और बोधगम्य परिचय प्रदान करती है।

978 93 5442 521 9 **256 पृष्ठ** **₹ 365.00**

आपके कानून आपके अधिकार

संपादन : सीमा माथुर, प्रस्तावना : एन. सुकुमार

यह पुस्तक दिल्ली विश्वविद्यालय के बी.ए. (ऑनर्स) राजनीति विज्ञान के 'आपके कानून आपके अधिकार' पेपर के अनुसार तैयार की गई है। यह लॉ के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी। यह पाठ्यपुस्तक मुख्य रूप से भारत के कानून और आपराधिक न्याय प्रणाली से संबंधित है। इसमें कानूनों में बदलाव संबंधी नवीनतम सूचनाओं को भी शामिल किया गया है। पुस्तक कानूनों को अधिकारों, न्याय, सामाजिक कल्याण, समानता और मानवीय गरिमा के स्रोत के रूप में प्रस्तुत करती है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए पारिभाषिक शब्दावली और प्रश्न बैंक भी दिए गए हैं।

978 93 5442 013 9 **240 पृष्ठ** **₹ 360.00**

समकालीन राजनीतिक सिद्धांत

करुणेश प्रताप मिश्र

स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों द्वारा हिंदी भाषा में इस तरह की पुस्तक की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। यह पुस्तक इस कमी को पूरा करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। भाषा की सरलता और विचारों की स्पष्टता इस पुस्तक की विशेषताएँ हैं। विषयवस्तु को अद्यतन बनाने का भी भरसक प्रयास किया गया है। पुस्तक में बीसवीं सदी के प्रारंभ से लेकर अंतिम दशकों तक की अवधि में विकसित और चर्चित सिद्धांतों एवं विचारधाराओं को शामिल करने का प्रयास किया गया है।

978 93 5287 988 5 **424 पृष्ठ** **₹ 470.00**

बस्तर : राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक इतिहास

आभा रूपेन्द्र पाल एवं डिश्वर नाथ खुटे

प्रस्तुत पुस्तक पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) के स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तरों में शामिल बस्तर पर पाठ्यक्रम के अनुकूल तैयार की गई है। यह पुस्तक छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थियों के लिए भी सहायक सिद्ध होगी। प्रस्तुत पुस्तक में बस्तर का सामान्य परिचय, प्रारंभिक इतिहास, आज़ादी से पहले की राजनीतिक स्थिति, बस्तर में हुए प्रमुख विद्रोह, प्रशासनिक व्यवस्था, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक पक्ष, प्रमुख ऐतिहासिक-पर्यटक आकर्षण, वर्तमान भौगोलिक, राजनीतिक, प्रशासनिक स्थिति, व नक्सलवाद आदि पर विस्तार से चर्चा की गई है।

978 93 5442 050 4 **208 पृष्ठ** **₹ 275.00**

पर्यावरण अध्ययन : स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यपुस्तक ओरियंट ब्लैकस्वॉन स्मार्ट ऐप सहित (तीसरा संस्करण)

इराक भरुचा

गत डेढ़ दशक से पुस्तक को सभी स्नातक छात्रों के लिए इस विषय पर सबसे विश्वसनीय पाठ्यपुस्तक माना गया है। इस संस्करण को यूजीसी द्वारा निर्धारित नए एईसीसी पाठ्यक्रम के अनुसार तैयार किया गया है जिसका उद्देश्य न केवल पर्यावरण के विषय में जागरूकता पैदा करना है, बल्कि पर्यावरण के संवर्द्धन हेतु कार्य करने के प्रति प्रेरित करना भी है। पुस्तक का नया संस्करण छात्रों के लिए आकर्षक और लाभदायक होगा। इस संस्करण की विशेषता है– ओरियंट ब्लैकस्वॉन स्मार्ट ऐप, जिसमें पाठ्यपुस्तक में दिए गए प्रश्नों के अतिरिक्त अन्य प्रश्न और अध्ययन सामग्री दी गई है।

978 93 5442 600 1 **316 पृष्ठ** **₹ 399.00**

नवीन

नीतिशास्त्र, सत्यनिष्ठा एवं अभिरुचि

एस.एस. बरेडिया एवं अजब लाल लिल्हारे

यह पुस्तक संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) और राज्य सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए अत्यधिक उपयोगी है। यू.पी.एस.सी. की मुख्य परीक्षा के सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र-IV के नवीनतम पाठ्यक्रम के अनुरूप लिखी यह पुस्तक सिविल सेवा के अभ्यर्थियों को व्यवस्थित, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रासंगिक सामग्री प्रदान करती है। इसमें नीतिशास्त्र जैसे जटिल विषय को चित्रों और तालिकाओं के माध्यम से सरल एवं बोधगम्य भाषा में प्रस्तुत किया गया है। 2022 तक की केस स्टडीज़ के माध्यम से पुस्तक उन नैतिक दुविधाओं की एक तस्वीर प्रदान करती है, जिनका एक प्रशासक अपने कार्यकाल में सामना करता है। प्रत्येक अध्याय के अंत में विगत वर्षों की परीक्षाओं में आए प्रश्न और मॉडल प्रश्न दिए गए हैं।

978 93 9530 828 1 **336 पृष्ठ** **₹ 475.00**

भारतीय विदेश नीति : भूमंडलीकरण के दौर में (चौथा संस्करण)

राजेश मिश्रा

यह पुस्तक संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) एवं विभिन्न राज्य लोक सेवा आयोगों (PSC) की सिविल सेवाओं की मुख्य परीक्षाओं के लिए तैयार की गई है। यह स्नातक एवं परास्नातक के उन विद्यार्थियों के लिए भी उपयोगी होगी, जो भारतीय विदेश नीति को सरल एवं सटीक रूप में समझना चाहते हैं। पुस्तक के चौथे संस्करण में भारतीय विदेश नीति संबंधी नवीनतम घटनाओं की जानकारी और सूचनाएँ शामिल हैं।

978 93 5442 175 4 **400 पृष्ठ** **₹ 495.00**

भारतीय राजव्यवस्था (पाँचवाँ संस्करण)

राजेश मिश्रा

यह पाठ्यपुस्तक संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) एवं विभिन्न राज्य लोक सेवा आयोगों की सिविल सेवा परीक्षा (प्रारंभिक एवं मुख्य) के लिए अत्यंत उपयोगी है। इसके अतिरिक्त यह स्नातक एवं परास्नातक के उन विद्यार्थियों के लिए भी अत्यधिक उपयोगी है, जो भारतीय संविधान एवं शासन प्रणाली को सरल एवं सटीक रूप में समझना चाहते हैं। इस पुस्तक में दी गई नवीनतम जानकारी इसे इस विषय की एक परिपूर्ण पुस्तक बनाती है।

978 93 5442 446 5 **586 पृष्ठ** **₹ 595.00**

राजनीति विज्ञान (सातवाँ संस्करण)

राजेश मिश्रा

यू.जी.सी. के नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित यह पाठ्यपुस्तक यू.जी.सी. नेट-जे.आर.एफ. एवं अन्य प्रवेश परीक्षाओं के लिए उपयोगी है। प्रस्तुत पुस्तक के परिष्कृत एवं परिवर्द्धित सातवें संस्करण में कई नए खंड जोड़े गए हैं, जैसे– भारत की विदेश नीति, भारत में राजनीतिक संस्थाएँ, भारत में राजनीतिक प्रक्रिया, लोक प्रशासन, भारत में शासन, विधि तथा लोक नीति इत्यादि। इससे पुस्तक पाठ्यक्रमानुसार संपूर्ण हो गई है।

978 93 5287 844 4 **800 पृष्ठ** **₹ 795.00**

प्राचीन भारत : प्रागैतिहासिक काल से 300 ईस्वी तक

ओम प्रकाश सिंह

प्रस्तुत पुस्तक दिल्ली विश्वविद्यालय के नवीनतम पाठ्यक्रम और नई शिक्षा नीति के अनुरूप बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए लिखी गई है। यह पुस्तक पुरातात्त्विक और साहित्यिक स्रोतों तथा विदेशी विवरणों के गहन अध्ययन के आधार पर प्रागैतिहासिक काल से लेकर 300 ईस्वी तक के भारतीय इतिहास का विवरण प्रस्तुत करती है। विषय की बेहतर समझ के लिए पुस्तक में मानचित्रों और चित्रों का भी समावेश किया गया है।

978 93 5442 992 7 **208 पृष्ठ** **₹ 345.00**

नवीन

भारतीय भाषा लोक सर्वेक्षण : अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह की भाषाएँ, PLSI **खंड 2, भाग 1**

मुख्य संपादक : गणेश देवी

खंड संपादक : एम. श्रीनाथन, खंड अनुवादक : एन. लक्ष्मी 'प्रिया'

इस खंड में अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह की 19 भाषाओं के सर्वेक्षण ब्यौरे दिए गए हैं। देशज भाषाओं में– ग्रेट अंडमानी, जरावा, ओंगी, निकोबारी, शोम्पेन एवं सेंटीनली और आप्रवासी भाषाओं में– उर्दू, ओडिया, कन्नड़, करेन, तमिल, तेलुगु, बांग्ला, बर्मी, भत्तु या भांतु, मलयालम आदि शामिल की गई हैं। इस खंड में इन भाषाओं का विस्तृत विवेचन इनके भाषा क्षेत्र, इतिहास, भाषाई विशेषताओं एवं व्याकरण, साहित्य व शब्दावली के आधार पर किया गया है।

978 93 5442 330 7 **176 पृष्ठ** **₹ 2125.00**

भारतीय भाषा लोक सर्वेक्षण : गुजरात, दीव-दमन और दादरा-नगर हवेली की भाषाएँ
PLSI **खंड 9, भाग 1**

मुख्य संपादक : गणेश देवी

खंड संपादक : कानजी पटेल, खंड अनुवादक : किरण सिंह

इस खंड में गुजरात राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों दीव-दमन और दादरा-नगर हवेली क्षेत्रों में बोली जाने वाली 47 भाषाएँ शामिल हैं। अनुसूचित भाषाओं के अंतर्गत गुजराती और इसके प्रादेशिक स्वरूप, उर्दू और सिंधी, अन्य महत्त्वपूर्ण भाषाओं में– अरबी, ईरानी, कच्छी और फारसी; साथ ही आदिवासी भाषाएँ, विमुक्त और घुमंतू समुदाय की भाषाएँ और समुद्रतटीय भाषाएँ भी इसमें शामिल हैं। इस खंड में इन भाषाओं का विस्तृत विवेचन इनके भाषा क्षेत्र, इतिहास, भाषाई विशेषताओं एवं व्याकरण, साहित्य व शब्दावली के आधार पर किया गया है।

978 93 5442 388 8 **912 पृष्ठ** **₹ 5425.00**

भारतीय भाषा लोक सर्वेक्षण : कर्नाटक की भाषाएँ, PLSI **खंड 14, भाग 1**

मुख्य संपादक : गणेश देवी

खंड संपादक : एच. एम. महेश्वरय्या एवं राजेश्वरी महेश्वरय्या, खंड अनुवादक : वी. वाई. ललिताम्बा एवं अन्य

इस खंड में कर्नाटक की 18 भाषाओं और बोलियों का सर्वेक्षण शामिल है। अनुसूचित भाषाओं में कन्नड़ एवं कोंकणी और गैर-अनुसूचित भाषाओं के अंतर्गत इरुल, कोडवा, कोरगा, गौलि, जेनु कुरुबा एवं बेट्ट कुरुबा, तुलु, दखनी, पट्टेगार, बंजारा/गोरबोली, बड़गा, ब्यारि, येरव, संकेती, सिद्धि, सोडिग और हक्किपिक्कि के सर्वेक्षण ब्यौरे दिए गए हैं। इस खंड में इन भाषाओं का विस्तृत विवेचन इनके भाषा क्षेत्र, इतिहास, भाषाई विशेषताओं एवं व्याकरण, साहित्य व शब्दावली के आधार पर किया गया है।

978 93 5442 394 9 **488 पृष्ठ** **₹ 4815.00**

भारतीय भाषा लोक सर्वेक्षण : नागालैंड की भाषाएँ, PLSI **खंड 21, भाग 1**

मुख्य संपादक : गणेश देवी

खंड संपादक : डी. कौउली, खंड अनुवादक : प्रतिभा भट्टाचार्य

इस खंड में नागालैंड की 11 भाषाओं और बोलियों का सर्वेक्षण-विवरण दिया गया है। इसमें तेन्यीदी समूह की भाषाओं (अंगामी, कुजहाले, चोकरी, जेमे, पोचुरी, रेंग्मा, लियांग्लाद) तथा अन्य नागा भाषाओं, जैसे– आओ, कोन्याक, क्योन-ली, खियामन्यूगान, छांग, फोम, यिमचुंगरू, संगतम-यू और स्यूमी के सर्वेक्षण ब्यौरे दिए गए हैं। इस खंड में इन भाषाओं का विस्तृत विवेचन इनके भाषा क्षेत्र, इतिहास, भाषाई विशेषताओं एवं व्याकरण, साहित्य व शब्दावली के आधार पर किया गया है।

978 93 5442 125 9 **328 पृष्ठ** **₹ 2885.00**

भारतीय भाषा लोक सर्वेक्षण : पुदुचेरी की भाषाएँ, PLSI **खंड 23, भाग 1**

मुख्य संपादक : गणेश देवी

खंड संपादक : एल. राममूर्ति एवं जी. रविशंकर, खंड अनुवादक : वी. आर. जगन्नाथन

इस खंड में केंद्रशासित प्रदेश पुदुचेरी की भाषाओं और भाषिक विविधता पर जानकारी दी गई है। इस खंड में तमिल, तेलुगु, मलयालम और फ्रेंच इन चार भाषाओं के साथ पुदुचेरी के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहलुओं पर भी लेख शामिल किया गया है। इस खंड में इन भाषाओं का विस्तृत विवेचन इनके भाषा क्षेत्र, इतिहास, भाषाई विशेषताओं एवं व्याकरण, साहित्य व शब्दावली के आधार पर किया गया है।

978 93 5442 183 9 **128 पृष्ठ** **₹ 1745.00**

नवीन

नवीन NEW

भारतीय भाषा लोक सर्वेक्षण : सिक्किम की भाषाएँ, PLSI **खंड 26, भाग 1**

मुख्य संपादक : गणेश देवी

खंड संपादक : बलराम पांडे, खंड अनुवादक : चुकी भूटिया

इस खंड में सिक्किम की 16 भाषाओं का सर्वेक्षण शामिल है। इनमें अनुसूचित भाषा– नेपाली और गैर-अनुसूचित भाषाओं, जैसे- कुलुङ, गुरुङ, तामाङ, तिब्बती, थामी, नेवार, भुजेल, भोटिया, मगर, माझी, राई, लिम्बु, लेप्चा, शेर्पा, एवं सुनुवार के सर्वेक्षण ब्यौरे दिए गए हैं। इस खंड में इन भाषाओं का विस्तृत विवेचन इनके भाषा क्षेत्र, इतिहास, भाषाई विशेषताओं एवं व्याकरण, साहित्य व शब्दावली के आधार पर किया गया है।

978 93 5442 310 9 336 पृष्ठ ₹ 2975.00

भारतीय भाषा लोक सर्वेक्षण : त्रिपुरा की भाषाएँ, PLSI **खंड 28, भाग 1**

मुख्य संपादक : गणेश देवी

खंड संपादक : सुखेन्दु देबबर्मा, खंड अनुवादक : मिलन रानी जमातिया एवं जय कौशल

इस खंड में त्रिपुरा की 10 भाषाओं जैसे– कॉकबरक, काउ-ब्रू, कायपेंग, चाकमा, डारलोङ, मोलसोम, मोग, रांखल, रांगलङ और हालाम का सर्वेक्षण शामिल है। इस खंड में इन भाषाओं का विस्तृत विवेचन इनके भाषा क्षेत्र, इतिहास, भाषाई विशेषताओं एवं व्याकरण, साहित्य व शब्दावली के आधार पर किया गया है।

978 73 5442 518 9 280 पृष्ठ ₹ 2850.00

आगामी FORTHCOMING

भारतीय भाषा लोक सर्वेक्षण : मेघालय की भाषाएँ, PLSI **खंड 19, भाग 1**

मुख्य संपादक : गणेश देवी

खंड संपादक : एस्थर सिएम, खंड अनुवादक : एम. पी. पाण्डेय एवं श्रुति पाण्डेय

इस खंड में मेघालय की दो प्रमुख भाषाओं खासी और गारो का उनके विभिन्न भाषा-रूपों के साथ सर्वेक्षण-विवरण दिया गया है। दूसरी अन्य भाषाओं, जैसे– वाइते, हादेम, साकाचेप, मारंगार तथा मिकिर को भी इसमें शामिल किया गया है। इस खंड में इन भाषाओं का विस्तृत विवेचन इनके भाषा क्षेत्र, इतिहास, भाषाई विशेषताओं एवं व्याकरण, साहित्य व शब्दावली के आधार पर किया गया है।

978 93 5442 517 2

मक्कल नोक्किल इंथिया मोझ़िकल अलवायवु : तमिझ़ नाट्टु मोझ़िकल,PLSI **खंड 27, भाग 3**

मुख्य संपादक : गणेश देवी

खंड संपादक : वी. ज्ञानसुंदरम एवं के. रंगन

यह खंड तमिल भाषा में है। इस खंड में तमिलनाडु की 22 भाषाओं का सर्वेक्षण ब्यौरा दिया गया है। इनमें अनुसूचित भाषा– तमिल और दो गैर-अनुसूचित भाषाएँ, सौराष्ट्री और तंजाऊर मराठी शामिल हैं। इनके अतिरिक्त आदिवासी भाषाओं, जैसे- बेट्ट कुरुम्बा, एरवल्ला, पालु कुरुम्बा, तोडा, ऊराली, बागरी, विल्लियन, वडुगा और मलई पुल्यन आदि के सर्वेक्षण ब्यौरे दिए गए हैं। इस खंड में इन भाषाओं का विस्तृत विवेचन इनके भाषा क्षेत्र, इतिहास, भाषाई विशेषताओं एवं व्याकरण, साहित्य व शब्दावली के आधार पर किया गया है।

978 93 5442 393 2 736 पृष्ठ

आगामी

भारतीय भाषा लोक सर्वेक्षण : आंध्र प्रदेश की भाषाएँ, PLSI **खंड 3 (AP), भाग 1**
मुख्य संपादक : गणेश देवी
खंड संपादक : ए. उषा देवी, डी. चंद्रशेखर रेड्डी
खंड अनुवादक : अन्नपूर्णा चर्ल, एम. लक्ष्मीकांतम
इस खंड में आंध्र प्रदेश की 16 भाषाओं के सर्वेक्षण ब्यौरे दिए गए हैं। इस खंड में इन भाषाओं का विस्तृत विवेचन इनके भाषा क्षेत्र, इतिहास, भाषाई विशेषताओं एवं व्याकरण, साहित्य व शब्दावली के आधार पर किया गया है।

भारतीय भाषा लोक सर्वेक्षण : तेलंगाना की भाषाएँ, PLSI **खंड 3 (TS), भाग 1**
मुख्य संपादक : गणेश देवी
खंड संपादक : ए. उषा देवी, डी. चंद्रशेखर रेड्डी
खंड अनुवादक : अन्नपूर्णा चर्ल, एम. लक्ष्मीकांतम
यह खंड तेलंगाना प्रदेश की 10 भाषाओं के सर्वेक्षण का विवरण प्रस्तुत करता है। इस खंड में इन भाषाओं का विस्तृत विवेचन इनके भाषा क्षेत्र, इतिहास, भाषाई विशेषताओं एवं व्याकरण, साहित्य व शब्दावली के आधार पर किया गया है।

भारतीय भाषा लोक सर्वेक्षण : अरुणाचल प्रदेश की भाषाएँ, PLSI **खंड 4, भाग 1**
मुख्य संपादक : गणेश देवी
खंड संपादक : लीज़ा लोमडक
खंड अनुवादक : जमुना बिनी तादार एवं राजीव रंजन प्रसाद
इस खंड में अरुणाचल प्रदेश की 20 भाषाओं का सर्वेक्षण ब्यौरा दिया गया है जिसमें इन भाषाओं का विस्तृत विवेचन इनके भाषा क्षेत्र, इतिहास, भाषाई विशेषताओं एवं व्याकरण, साहित्य व शब्दावली के आधार पर किया गया है।

भारतीय भाषा लोक सर्वेक्षण : गोवा की भाषाएँ, PLSI **खंड 8, भाग 1**
मुख्य संपादक : गणेश देवी
खंड संपादक : माधवी सरदेसाय
खंड अनुवादक : किरण बुदकुले
इस खंड में गोवा की प्रमुख भाषाओं का सर्वेक्षण विवरण शामिल है। इस विवरण में इन भाषाओं का विस्तृत विवेचन इनके भाषा क्षेत्र, इतिहास, भाषाई विशेषताओं एवं व्याकरण, साहित्य व शब्दावली के आधार पर किया गया है।

भारतीय भाषा लोक सर्वेक्षण : तमिलनाडु की भाषाएँ, PLSI **खंड 27, भाग 1**
मुख्य संपादक : गणेश देवी
खंड संपादक : वी. ज्ञानसुंदरम एवं के. रंगन
खंड अनुवादक : डॉ. ज्ञानम
इस खंड में तमिलनाडु की 22 भाषाओं के सर्वेक्षण ब्यौरे दिए गए हैं। इस खंड में इन भाषाओं का विस्तृत विवेचन इनके भाषा क्षेत्र, इतिहास, भाषाई विशेषताओं एवं व्याकरण, साहित्य व शब्दावली के आधार पर किया गया है।

प्राचीन भारत : 300 ईस्वी से 1200 ईस्वी तक
ओम प्रकाश सिंह
प्रस्तुत पुस्तक दिल्ली विश्वविद्यालय के नवीनतम पाठ्यक्रम और नई शिक्षा नीति के अनुरूप बी.ए. प्रथम वर्ष के लिए तैयार की जा रही है।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध (तीसरा संस्करण)
तपन बिस्वाल
इस पुस्तक के तीसरे संस्करण में विश्व में हुई समकालीन घटनाओं का विवरण शामिल किया गया है।

इतिहास HISTORY

प्रारंभिक भारत का परिचय

रामशरण शर्मा

प्रारंभिक भारत का परिचय, अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त इतिहासकार रामशरण शर्मा की क्लासिक रचना है। यह प्रारंभ से सातवीं सदी तक के भारतीय इतिहास का सुव्यवस्थित सर्वेक्षण है। इसमें आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक विषयों का प्रतिपादन है। प्रारंभिक भारत में सभ्यता और संस्कृति के उदय, विकास और प्रसार के पीछे सक्रिय कारकों एवं शक्तियों का भी गहन विश्लेषण किया गया है। साथ ही, राज्यव्यवस्था, साहित्य, दर्शन, धर्म और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में प्रारंभिक भारत की विरासत दर्शाई गई है। वस्तुतः यह प्राचीन भारतीय इतिहास के अध्ययन में रुचि रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए आवश्यक पठन सामग्री है। पुस्तक की भाषा प्रांजल है और विषय-वस्तु का प्रस्तुतीकरण विलक्षण।

रामशरण शर्मा पटना, दिल्ली और टोरंटो विश्वविद्यालयों में इतिहास के प्रोफेसर रह चुके हैं। वे भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद के संस्थापक अध्यक्ष भी थे। प्रोफेसर शर्मा की विभिन्न भाषाओं में लगभग 115 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

विषयानुक्रम : 1. प्राचीन भारतीय इतिहास का महत्त्व, 2. प्राचीन भारतीय इतिहास के आधुनिक लेखक, 3. स्रोतों के प्रकार और इतिहास निर्माण, 4. भौगोलिक ढांचा, 5. पारिस्थितिकी और पर्यावरण, 6. भाषाई ढांचा, 7. मानव का उद्भव और विकास; मध्यपाषाण युग, 8. नवपाषाण युग, 9. ताम्रपाषाण कृषक संस्कृतियां, 10. हड़प्पा संस्कृति, 11. आर्य संस्कृति की पहचान, 12. ऋग्वैदिक युग, 13. उत्तर वैदिक अवस्था, 14. जैन और बौद्ध धर्म, 15. जनपद राज्य और प्रथम मगध साम्राज्य, 16. ईरानी और मकदूनियाई आक्रमण, 17. बुद्धकाल में राज्य और वर्ण-समाज, 18. मौर्य युग : चंद्रगुप्त-मौर्य-साम्राज्य का संगठन-अशोक (273-232 ई.पू.), 19. मौर्य शासन का महत्त्व, 20. मध्य एशिया से संपर्क और उनके परिणाम, 21. सातवाहन युग, 22. सुदूर दक्षिण में इतिहास का प्रारंभ, 23. शिल्प, व्यापार और नगरों का विकास, 24. गुप्त साम्राज्य का उद्भव और विकास, 25. गुप्तकालीन जीवन, 26. पूर्वी भारत में सभ्यता का प्रसार, 27. हर्ष और उसका काल, 28. प्रायद्वीप में नए राज्यों के गठन और ग्राम-विस्तार, 29. दर्शन का विकास, 30. भारत का एशियाई देशों से सांस्कृतिक संपर्क, 31. प्राचीन से मध्यकाल की ओर, 32. प्राचीन काल में सामाजिक बदलाव का सिलसिला, 33. प्राचीन भारत की विरासत। *मानचित्र* : 1. भारत प्राकृतिक, 2. भारत वार्षिक वर्षा, 3. भारत में तांबे, लौह, अयस्क और सोने के निक्षेप, 4. नवपाषाणयुग स्थल, 5. हड़प्पा सभ्यता का विस्तार, 6. भारत में चित्रित धूसर मृद्भांड संस्कृति का वितरण, 7. महाजनपद, 8. उत्तरी काले मृद्भांडों का विवरण, 9. अशोक का साम्राज्य, 10. मध्य एशियाई संपर्क, 11. भारत (150 ई. के लगभग), 12. भारत (लगभग 200 ई.पू. से 300 ई. तक), 13. प्राचीन व्यापार मार्ग, 14. गुप्त साम्राज्य चौथी शताब्दी के अंत में, 15. दकन और दक्षिण भारत।

(बांग्ला में भी उपलब्ध)

978 81 250 2651 8 2004 384 पृष्ठ ₹ 450.00

भारतीय इतिहास का आदिकाल प्राचीनतम पर्व से 600 ईस्वी तक

रणवीर चक्रवर्ती

'भारतवर्ष में हमेशा से एक ही कोशिश रही है, विविधता में एकता की स्थापना करना, विभिन्न रास्तों को एक ही लक्ष्य की ओर अभिमुख करना और बहुत के बीच एक को निःसंदेह रूप से अंतरतम में प्राप्त करना, बाहरी अंतरों को बिना मिटाए हुए उनके भीतर की एकता के धागे को मज़बूत करना।' रवींद्रनाथ का यही वक्तव्य **भारतीय इतिहास का आदिकाल** शीर्षक पुस्तक और लेखक का प्रमुख आधार है। इस पुस्तक में भारतीय इतिहास के प्राचीनतम काल से 600 ई. तक की काल सीमा का विवेचन हुआ है। लेखक ने राजव्यवस्था के साथ-साथ समाज, अर्थनीति, शिल्पकला, धर्मकर्म, दर्शन, भाषा एवं साहित्य के जीवंत रूपों को दर्शाने का प्रयास किया है। स्रोत-सामग्री के आलोक में नगर-निर्माण, राज्य का गठन, नारी की सामाजिक स्थिति, वर्ण-व्यवस्था एवं कौम (समुदाय) का संगठन इत्यादि विषयों की आलोचना हुई है। इतिहास चर्चा की पद्धति-गत भिन्नता और इतिहासकारों के बीच मतभेद जो अतीत के अनुसंधान को सजीव किए रहते हैं, उनके प्रति भी आवश्यकतानुसार ध्यान दिया गया है।



रणवीर चक्रवर्ती नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर हिस्टोरिकल स्टडीज़ में पूर्व प्रोफेसर रह चुके हैं। इससे पूर्व लेखक कलकत्ता विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति विभाग में प्रवक्ता रह चुके हैं। वे दिसंबर 2011 में पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला में आयोजित इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस के 72वें सत्र 'प्राचीन भारत' खंड के अध्यक्ष थे।

विषयानुक्रम : 1. प्राचीन इतिहास के स्रोत, 2. भारत में मानव इतिहास का आरंभ काल प्राचीनतम काल से प्रथम नगर-निर्माण तक, 3. भारतीय इतिहास में वैदिक युग अनुमानत : 1500 ई.पू. से 600 ई.पू., 4. षोडश महाजनपदों का काल : राजनीतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन छठी शताब्दी ई.पू. से चौथी शताब्दी ई.पू., 5. मौर्यकालीन भारत अनुमानत : 325 ई.पू. से 185 ई.पू., 6. संघात, सम्मिश्रण, समन्वय : राजनीति, समाज एवं संस्कृति अनुमानत : 200 ई.पू. 300 ई., 7. मानक परिस्थितियों का प्रकाशन अनुमानत : 300 ई. से 600 ई., ग्रंथ-पंजिका, अनुक्रमणिका।

(बांग्ला में भी उपलब्ध)

978 81 250 4705 6 2012 304 पृष्ठ ₹ 545.00

दिल्ली : प्राचीन इतिहास

संपादन : उपिंदर सिंह

कम ही लोगों को पता होगा कि शोरगुल भरे व्यस्त दिल्ली शहर और आस-पास के इलाकों का हज़ारों वर्ष पुराना अतीत रहा है। यहाँ खेतों की जुताई और व्यवस्थित उत्खनन के क्रम में प्रागैतिहासिक काल के पत्थर के औज़ार और अन्य प्राचीन अवशेष प्राप्त हुए हैं। **दिल्ली : प्राचीन इतिहास** एक संकलन है। इस संकलन के लेखों में दिल्ली क्षेत्र में सदियों से रहते आए लोगों की झलक मिलेगी और इनके अध्ययन से यह भी ज्ञात होगा कि इतिहासकारों ने किस प्रकार ऐतिहासिक तथ्यों को जोड़कर इतिहास लेखन किया है। इससे इतिहासकारों की कार्यविधि भी दृष्टि केन्द्र में आती है। प्राचीन लेखों से प्राप्त जानकारियाँ, पुरातत्त्व, किंवदंतियाँ एवं लोकगाथाओं से जो कभी-कभी इतिहास के अत्यल्प विवरणों पर ही आधारित होती हैं, इन लेखों में उल्लिखित और चर्चित होकर महत्त्वपूर्ण हो गई हैं।



उपिंदर सिंह वर्तमान में अशोका यूनिवर्सिटी के एंशियंट हिस्ट्री व कल्चर डिपार्टमेंट में डीन ऑफ फैकल्टी हैं। वे दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में प्राचीन भारतीय इतिहास की प्रोफेसर रह चुकी हैं। इतिहास पर लिखी उनकी अनेक पुस्तकों में प्रमुख हैं : *किंग्स, ब्राह्मणाज एंड टेम्पल्स इन ओडिसा : एन एपिग्राफिक स्टडी 300 ई.-1147 ई.; दि डिस्कवरी ऑफ एंशियंट इंडिया : अर्ली आर्कियोलॉजिस्ट्स एंड दि बिगनिंग्स ऑफ आर्कियोलॉजी, एंशियंट डेल्ही और हिस्ट्री ऑफ एंशियंट एंड अर्ली मीडिवल इंडिया।*

विषयानुक्रम : भाग 1 दिल्ली क्षेत्र के पाषाणकालीन स्थल : नदी प्रवाह-मार्ग परिवर्तन और बाढ़ : यमुना नदी के एक हिस्से

का उपग्रहीय छायांकन द्वारा अध्ययन; केंद्रशासित क्षेत्र दिल्ली एवं हरियाणा के पाषाण युग पर एक प्रारंभिक रिपोर्ट; प्रागैतिहासिक दिल्ली और उसके आस-पास का क्षेत्र : भौगोलिक विशेषताएँ; **भाग 2** आद्य-ऐतिहासिक बस्तियाँ : भोरगढ़ एवं मंडोली के परवर्ती हड़प्पाई अवशेष : मंडोली : दिल्ली स्थित परवर्ती हड़प्पाकालीन बस्ती; भोरगढ़ में खुदाई; भोरगढ़ और मंडोली; केंद्रशासित क्षेत्र दिल्ली के आद्य-ऐतिहासिक पुरातात्त्विक अवशेष; **भाग 3** पुरातत्त्व एवं किंवदंती : नई दिल्ली के पुराना किला में उत्खनन; सभा-भवन का निर्माण; भारतीय पुरातत्त्व एवं महाकाव्य परंपराएँ, महाभारत : मिथक एवं यथार्थ; **भाग 4** आद्य-इतिहास काल : श्रीनिवासपुरी/ बाहापुर के अशोकीय शिलालेख; दो स्तंभों की कहानी; बाहापुर, दिल्ली में अशोक का नव-अन्वेषित अभिलेख; **भाग 5** महरौली लौह स्तंभ का अभिलेख : महरौली का लौह स्तंभ, चंद्र का महरौली लौह स्तंभ अभिलेख; **भाग 6** पूर्व-मध्यकाल : लालकोट और अनंगपुर : सन् 1991-92 में लालकोट का उत्खनन एवं दिल्ली क्षेत्र की अन्य पुरातात्त्विक खोजें; **भाग 7** प्राचीनकाल के अवशेषों का मध्यकालीन और आधुनिक इतिहास, अशोक तथा महरौली के स्तंभों का परवर्ती इतिहास दिल्ली के प्रभाव-क्षेत्र में : भू-दृश्यों को समझने की एक लोक-दृष्टि।

(अंग्रेज़ी में भी उपलब्ध)

978 81 250 3387 5 2010 296 पृष्ठ ₹ 660.00

प्राचीन भारत : प्रागैतिहासिक काल से 300 ईस्वी तक

नवीन

ओम प्रकाश सिंह

इतिहास मानव और समाज के सभी पहलुओं का कालक्रमानुसार वर्णन है। यह समय के साथ होने वाले परिवर्तन के सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक प्रभाव की विवेचना करता है। यह पुस्तक पुरातात्त्विक और साहित्यिक स्रोतों तथा विदेशी विवरणों के गहन अध्ययन के आधार पर प्रागैतिहासिक काल से लेकर 300 ईस्वी तक के भारतीय इतिहास का विवरण प्रस्तुत करती है। इसमें पाषाणकाल, हड़प्पा सभ्यता, ताम्रपाषाण, वैदिक काल, महापाषाण, वैदिकोत्तर काल, महाजनपद, संगम काल, मौर्य काल तथा मौर्योत्तर काल के राज्य एवं प्रशासन, न्याय व्यवस्था, अर्थव्यवस्था, समाज, धर्म, कृषि, व्यापार, महिलाओं की स्थिति, राजनीतिक व्यवस्था के अतिरिक्त मगध के उत्थान, बौद्ध एवं जैन धर्म, बुद्ध और महावीर का जीवन एवं उनकी शिक्षाओं, अशोक का धम्म, कला एवं स्थापत्य, संगम साहित्य, शिल्पकारी एवं श्रेणी, और मौर्योत्तर कला का सटीक विवेचन किया गया है।

प्राचीन भारत : प्रागैतिहासिक काल से 300 ईस्वी तक पुस्तक दिल्ली विश्वविद्यालय के नवीनतम पाठ्यक्रम और नई शिक्षा नीति के अनुरूप बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए लिखी गई है। छात्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विषय के स्तर को बनाए रखते हुए समस्त विषयवस्तु को एक ही स्थान पर संग्रहीत किया गया है। पुस्तक में विषय से संबंधित सभी घटनाओं, तथ्यों और विचारों को सरल भाषा एवं रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। साथ ही, ऐतिहासिक अभिलेखों (शिलालेख, स्तंभलेख, गुहालेख), स्मारकों, मृद्भांडों, आदि का वर्णन किया गया है। विषय की बेहतर समझ के लिए पुस्तक में मानचित्रों और चित्रों का भी समावेश किया गया है।

ओम प्रकाश सिंह दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, दिल्ली विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर हैं। इतिहास पर शोध उनके अध्ययन का विषय रहा है। उनके द्वारा प्रकाशित कृतियों में शामिल हैं : *दि आर्कियोलॉजी ऑफ आयरन एंड सोशल चेंज इन अर्ली साउथ इंडिया*, अनेक शोध पत्र और पुस्तक-समीक्षाएँ। पाठ्यक्रम के अनुसार लिखी गई यह उनकी प्रथम पुस्तक है। वे इसी पाठ्यपुस्तक के दूसरे खंड पर काम कर रहे हैं।

विषयानुक्रम : 1. प्राचीन भारतीय इतिहास के स्रोत : साहित्यिक स्रोत, विदेशी वृत्तांत, पुरातात्त्विक स्रोत; 2. प्रागैतिहासिक संस्कृतियाँ : भूवैज्ञानिक युग तथा मानव विकास, भारत में पाषाण काल, पुरापाषाण, मध्यपाषाण, नवपाषाण; 3. हड़प्पा सभ्यता : उत्पत्ति तथा विस्तार, हड़प्पा सभ्यता की नगर योजना, हड़प्पा कालीन अर्थव्यवस्था, हड़प्पाई समाज तथा धर्म, पतन एवं निरंतरता, ताम्रपाषाण संस्कृतियाँ, हड़प्पा सभ्यता के बाहर की ताम्रपाषाण संस्कृतियाँ; 4. वैदिक काल : इंडो-आर्य, ऋग्वैदिक अर्थव्यवस्था, उत्तर वैदिक अर्थव्यवस्था, ऋग्वैदिक समाज, उत्तर वैदिक समाज, ऋग्वैदिक कालीन राजनीतिक व्यवस्था, उत्तर वैदिक कालीन राजनीतिक व्यवस्था, ऋग्वैदिक धर्म, उत्तर वैदिक धर्म, लौह युग का आरंभ, महापाषाण संस्कृतियाँ; 5. वैदिकोत्तर काल : भौतिक परिवर्तन, शहरी जनजीवन, सामाजिक परिवर्तन, महाजनपद, मगध का उत्थान, बौद्ध एवं जैन धर्म, महावीर का जीवन और शिक्षण, बुद्ध का जीवन और शिक्षण, बौद्ध एवं जैन धर्म : तुलना और विस्तार; 6. मौर्य काल : राज्य एवं प्रशासन, न्याय व्यवस्था, प्रांतीय प्रशासन, ग्राम प्रशासन, अर्थव्यवस्था और समाज, उद्योग एवं व्यापार, आय के स्रोत, शहरों का विकास, मौर्यकालीन समाज, अशोक का धम्म, मौर्य साम्राज्य का पतन, पतन के कारण, कला एवं स्थापत्य; 7. आरंभिक तमिलकम : संगम साहित्य, संगम कालीन राजनीतिक व्यवस्था, संगमकालीन अर्थव्यवस्था, संगमकालीन समाज; 8. मौर्योत्तर काल– सातवाहन एवं कुषाण : सातवाहन, कुषाण, कनिष्क, मौर्योत्तर राजनीतिक व्यवस्था, सातवाहन राजनीतिक व्यवस्था, कुषाण राजनीतिक व्यवस्था, मौर्योत्तर अर्थव्यवस्था, कृषि, शिल्पकारी एवं श्रेणी, व्यापार, मौर्योत्तर समाज, महिलाओं की स्थिति, मौर्योत्तर कला। संदर्भ ग्रंथ सूची, अनुक्रमणिका।

978 93 5442 992 7 2024 208 पृष्ठ ₹ 345.00

सूफ़ीवाद : कुछ महत्त्वपूर्ण लेख

एन. आर. फारुकी

सूफ़ीवाद का इतिहास लगभग चौदह सौ वर्ष पुराना है। हालांकि भारत में आठवीं शताब्दी से सूफ़ियों की उपस्थिति के प्रमाण मिलते हैं, किंतु बारहवीं शताब्दी में तुर्की विजय के पश्चात् बड़ी संख्या में सूफ़ी भारत आए। धीरे-धीरे वह उपमहाद्वीप के कोने-कोने में फैल गए। उन्होंने भारतीय समाज को विशेष रूप से अपनी जीवन शैली और शिक्षाओं से प्रभावित किया। अनेक भारतीय सूफ़ी लोगों की स्मृति में जीवित रहे। आज भी उनके मकबरे उनकी उपस्थिति के प्रतीक के रूप में खड़े हैं जो हमें यह याद दिलाते रहते हैं कि बीता हुआ काल उतना ही सत्य था जितना वर्तमान है।

सूफ़ीवाद : कुछ महत्त्वपूर्ण लेख में सूफ़ीवाद की उत्पत्ति कैसे हुई, इसके प्रारंभिक समर्थक कौन थे, इसके मूल सिद्धांत और शिक्षाएँ क्या थीं–इन विषयों का संक्षिप्त विवरण शामिल किया गया है। इसमें उन सूफ़ियों के जीवन और शिक्षाओं का वर्णन किया गया है जो मुसलमानों की विजय के बाद सिंध और पंजाब में आए। पुस्तक में सूफ़ीवाद की उत्पत्ति से लेकर पंद्रहवीं शताब्दी तक चिश्ती संप्रदाय का इतिहास दिया गया है और सोलहवीं शताब्दी में उत्तरी भारत में चिश्ती संप्रदाय के पुनरुत्थान की प्रक्रिया का वर्णन उपलब्ध है। इसके साथ ही, दो शताब्दियों में इसके प्रमुख प्रतिपादकों के जीवन और काल का संक्षिप्त उल्लेख किया गया है। भारत में शत्तारी पंथ के सबसे प्रसिद्ध प्रतिपादकों में से एक, मुहम्मद गौस शत्तारी ग्वालियरी के जीवन और कार्यों को दर्शाया गया है। यह पुस्तक भारत के महानतम नक्शबंदी संत, शेख़ अहमद सरहिंदी की धार्मिक और राजनीतिक विचारधारा की व्याख्या करती है।



एन. आर. फारुकी (जन्म 1950) ने इतिहास में एम.ए. इलाहाबाद विश्वविद्यालय से और पीएच.डी. विस्कोंसिन यूनिवर्सिटी, अमेरिका से प्राप्त की। 1972 से वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अध्यापक और मध्यकालीन इतिहास के प्रोफेसर एवं डीन शोध और विकास के पद पर कार्यरत थे। वर्तमान में वे यूनिवर्सिटी ऑफ इलाहाबाद में वाइस चांसलर पद पर कार्यरत हैं। प्रोफेसर फारुकी को कई अंतर्राष्ट्रीय फैलोशिप प्राप्त हैं। वे लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, मसूरी में भी अध्यापन कार्य कर चुके हैं। 2002 में वे उत्तर प्रदेश इतिहास कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए। 2010 में वे इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस के 70वें अधिवेशन में मध्यकालीन भारतीय इतिहास संभाग के अध्यक्ष चुने गए। आपकी प्रकाशित पुस्तकों में *मुगल-ओटोमन रिलेशंस, कम्यूनलिज्म इन इंडिया* तथा *मीडिवल इंडिया : ऐसेज़ ऑन सूफ़ीज्म, डिप्लोमेसी एंड हिस्ट्री* शामिल हैं।

विषयानुक्रम : आभार, भूमिका, प्रस्तावना। 1. क्लासिकल सूफ़ीवाद के कुछ रूप, 2. भारत के प्रारंभिक सूफ़ी, 3. चिश्तियों का उद्भव और विकास : उनकी विचारधारा का सारांश और उनके मकबरों की लोकप्रियता का विवरण, 4. चिश्तियों का पुनरुत्थान : मुगलकालीन भारत में सूफ़ी संप्रदाय के विस्तार और संपूर्णता का सर्वेक्षण, 5. मध्य प्रदेश के वरिष्ठ सूफ़ी : मुहम्मद गौस शत्तारी ग्वालियरी, 6. शेख़ अहमद सरहिंदी और उनकी धार्मिक और राजनीतिक विचारधारा, 7. राय बरेली के सैयद अहमद : उनके जीवन और विचारधारा का सारांश और अवध तथा पूर्वी भारत के सूफ़ी केंद्रों पर उनके प्रभाव का मूल्यांकन। शब्दावली, अनुक्रमणिका।

978 81 250 5361 3 2014 220 पृष्ठ ₹ 360.00

मध्यकालीन भारत का सांस्कृतिक इतिहास

संपादन : मीनाक्षी खन्ना

मध्यकालीन भारत का सांस्कृतिक इतिहास पुस्तक को एक लब्धप्रतिष्ठ इतिहासकार द्वारा इतिहास के विद्यार्थियों के लिए संयोजित किया गया है। इस पुस्तक

को कालानुक्रम या परंपरा के आधार पर नहीं विषयों के आधार पर व्यवस्थित किया गया है। यह पाठक को मध्यकालीन भारत में संस्कृति के विविध पक्षों के पाँच प्रसंगों : राजत्व परंपरा, धार्मिक भक्ति की सामाजिक विधियाँ, अंतर-सांस्कृतिक बोध, अस्मिताओं के प्रकार और सौंदर्य-बोध के द्वारा अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराती है।

इस संकलन के दस निबंध इस उपमहाद्वीप के विविध क्षेत्रीय परिवेश को दर्शाते हैं। इसके लेख बताते हैं कि किसी भी परंपरा में संस्कृति 'बड़े' या 'छोटे' और 'शास्त्रीय' या 'जनसाधारण' के रूप में खंडित नहीं होती। वास्तव में, समय के साथ-साथ एक परंपरा दूसरी परंपरा को प्रभावित करती है और उसकी नई विशेषताओं को अपना लेती है। यह प्रभाव विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों की चारदीवारी के बाहर भी होता है और इस प्रक्रिया में 'स्व' और 'अन्य' के भाव को अर्थ मिलता है। 'अन्य' को पहचानने और 'स्व' की खोज करते हुए यह पुस्तक मध्यकालीन भारत के इतिहास को समझने का एक नया अंतर-विषयक रास्ता सुझाती है जो भारत जैसे विविधता भरे समाज में बहुत महत्त्वपूर्ण है। यह संकलन इस पाठक वर्ग के अलावा सामान्य पाठकों के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक है। प्रस्तुत पुस्तक सोशल साइंस प्रेस, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित अंग्रेज़ी पुस्तक *कल्चरल हिस्ट्री ऑफ मीडिवल इंडिया* का हिंदी अनुवाद है।

मीनाक्षी खन्ना इंद्रप्रस्थ कॉलेज फॉर वीमेन, दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।

विषयानुक्रम : भूमिका, खंड-प्रथम : राजत्व एवं दरबार अभिजात का लोक से मिश्रण, 1. मसखरों का राज्य ब्राह्मण, मसखरे और जादूगर, 2. लोकप्रचलित परिहास एवं राजनीतिक इतिहास अकबर, बीरबल एवं मुल्ला दो-पियाजा के उदाहरण; खंड-द्वितीय : भक्तिवाद 1. 'पतिकम् पाटुवार' : आरंभिक मध्यकालीन दक्षिण भारत में संवाद-माध्यम के रूप में धार्मिक गायन, 2. लोकप्रचलित शियाधर्म; खंड-तृतीय : संस्कृतियों का निरीक्षण 1. आक्रामकों और शासकों की छवियाँ 2. मध्यकालीन दक्कन में इस्लामिक स्थान की अभिव्यक्ति; खंड-चतुर्थ : पहचानों का समझौता 1. लिंग की राजनीति तथा उर्दू गज़ल : रेख्ता बनाम रेख्ती का खोजपरक अवलोकन, 2. मायावी मृगी : एक हिंदवी सूफी प्रेमाख्यान में कामना और आख्यान (1503 ई.); खंड-पंचम : चित्रकला एवं संगीत 1. शाहजहानी चित्रकला में श्रेणीबद्धता के सिद्धांत 2. संगीतज्ञों का अदब।

(अंग्रेज़ी में भी उपलब्ध)

978 81 250 4698 1 2012 304 पृष्ठ ₹ 495.00

मध्यकालीन भारत : राजनीति, समाज और संस्कृति

नवीन

ओरियंट ब्लैकस्वॉन स्मार्ट ऐप सहित

सतीश चन्द्र

सतीश चन्द्र द्वारा लिखित **मध्यकालीन भारत : राजनीति, समाज और संस्कृति** पुस्तक आठवीं से लेकर अठारहवीं सदी के भारत के इतिहास का समग्र लेखा-जोखा प्रस्तुत करती है। यह मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित करती है : 1. चोल, बहमनी और विजयनगर के साम्राज्य के इतिहास पर; 2. सूर, लोदी, दिल्ली सल्तनत और मुगलों द्वारा डाले गए प्रभाव पर; 3. राजपूत राजाओं और मराठों के महत्त्व पर; 4. धार्मिक आंदोलनों जैसे सूफ़ी और भक्ति आंदोलनों पर; 5. बदलते राजनीतिक, आर्थिक और कृषि संबंधी परिदृश्य पर। यह पाठ्यपुस्तक विद्यार्थियों और शिक्षाविदों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी।

सतीश चन्द्र (1922-2017) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर एवं डीन रहे। वे इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस की बारह-खंडीय काम्प्रहेंसिव हिस्ट्री ऑफ इंडियन स्कीम के अध्यक्ष भी थे, जिसका कार्यान्वयन काम्प्रहेंसिव हिस्ट्री ऑफ इंडिया सोसायटी कर रही है। वे सोसाइटी फॉर इंडियन ओशियन स्टडीज़, नई दिल्ली के उपाध्यक्ष रहे।

विषयानुक्रम : 1. भारत और विश्व, 2. उत्तर भारत और दकन : तीन साम्राज्यों का युग (आठवीं से दसवीं सदी तक), 3. चोल साम्राज्य (नवीं से बारहवीं सदी तक), 4. आर्थिक और सामाजिक जीवन, शिक्षा और धार्मिक विश्वास (800-1200), 5. टकराव का युग (1000-1200), 6. दिल्ली सल्तनत : स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण (तेरहवीं सदी), 7. दिल्ली सल्तनत : चौदहवीं सदी में प्रसार और पतन (खिलजी और तुगलक), 8. दिल्ली सल्तनत : शासन तथा आर्थिक-सामाजिक जीवन, 9. विजयनगर और बहमनी काल तथा पुर्तगालियों का आगमन (लगभग 1350-1565), 10. उत्तर भारत में साम्राज्य के लिए संघर्ष (लगभग 1400-1525), 11. भारत में धार्मिक आंदोलन और सांस्कृतिक विकास (तेरहवीं से पंद्रहवीं सदी तक), 12. मुगलों का आगमन : बाबर और हुमायूँ, 13. अफगानों का चरमोत्कर्ष, 14. मुगल साम्राज्य का सुदृढ़ीकरण (अकबर का युग), 15. दकन और दक्षिण भारत (1656 तक), 16. मुगलों की विदेश नीति, 17. भारत : सत्रहवीं सदी के पूर्वार्ध में, 18. मुगल काल में आर्थिक और सामाजिक जीवन, 19. सांस्कृतिक और धार्मिक विकासक्रम, 20. औरंगजेब और उसकी आंतरिक समस्याएँ, 21. मुगल साम्राज्य का चरमोत्कर्ष और विघटन, 22. मूल्यांकन और समीक्षा, संदर्भ-ग्रंथ, अनुक्रमणिका।

(अंग्रेज़ी में भी उपलब्ध)

978 93 901 2264 6 2020 396 पृष्ठ ₹ 475.00

मध्यकालीन भारत : प्रशासन, समाज एवं संस्कृति

नीरज श्रीवास्तव

यह पुस्तक एक विशाल काल खंड-पूर्व मध्यकाल से लेकर पूर्व आधुनिक/औपनिवेशिक काल को चिह्नित करती है। यह पुस्तक उन विद्यार्थियों के हित को केंद्र में रख कर लिखी गई है जो बी.ए. और एम.ए. स्तरों पर भारत के इतिहास के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन कर रहे हैं। यह पुस्तक उन विद्यार्थियों के लिए भी अत्यंत उपयोगी साबित होगी जो सिविल सेवाओं की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रयासरत हैं।



मध्यकालीन भारत के आठ सौ बरस के लंबे इतिहास का शायद ही कोई ऐसा पहलू है जिसे पुस्तक में सम्मिलित न किया गया हो। पुस्तक में मध्यकाल के प्रशासन, साहित्य, संगीत, दर्शन तथा कला-संबंधी गतिविधियों को यथोचित स्थान देने का प्रयास किया गया है। पुस्तक की अन्य विशेषता यह है कि यह भारत के निकटस्थ इतिहास के दो स्थूल संक्रमणों-प्राचीन से मध्य तथा मध्य से आधुनिक कालखंडों को संबोधित करती है।

नीरज श्रीवास्तव इतिहास में डॉक्टरेट हैं। बारह वर्ष ईश्वर सरन डिग्री कॉलेज, इलाहाबाद में अध्यापन के पश्चात् संप्रति वे इतिहास बोध संस्थान, इलाहाबाद में अध्यापनरत हैं।

विषयानुक्रम : 1. परवर्ती गुप्त, 2. गुप्तोत्तर नारी की स्थिति एवं धार्मिक अधिकार, 3. गुप्त-गुप्तोत्तर शिक्षा पद्धति, 4. गुप्त-गुप्तोत्तरकालीन विज्ञान, 5. वैदिक धार्मिक एवं दार्शनिक साहित्य, 6. सनातन धर्म, 7. गुप्त-गुप्तोत्तर : संस्कृत साहित्य, 8. भारतीय धर्म-दर्शन, 9. तमिल भक्ति आंदोलन, 10. अरबों की सिंध विजय व उसका प्रभाव, 11. मुहम्मद गोरी के भारतीय अभियान, 12. दिल्ली सल्तनत की स्थापना, 13. रुक्नुद्दीन फिरोजशाह से नासिरुद्दीन महमूद, 14. बल्बन : प्रशासनिक कार्य व राजत्व सिद्धांत, 15. खिलजी क्रांति, 16. मुहम्मद बिन तुगलक, 17. फिरोज तुगलक : राजनीतिक-प्रशासनिक नीतियां, 18. लोदी वंश, 19. दिल्ली सल्तनत की दक्षिण नीति, 20. सल्तनत का राजस्व सिद्धांत एवं प्रशासन, 21. सल्तनत कालीन स्थापत्य : शैली एवं विशेषताएं, 22. मुगल वास्तुकला, 23. मध्यकालीन इतिहास लेखन, 24. कल्हण की राजतरंगिणी और इतिहास ग्रंथ के रूप में इसकी प्रासंगिकता, 25. अलबरूनी का इतिहास लेखन 26. जियाउद्दीन बरनी, 27. इब्नबतूता का यात्रा वृत्तांत, 28. अमीर खुसरो का इतिहास लेखन, 29. अबुल फ़ज़ल का इतिहास लेखन व दर्शन, 30. सल्तनत कालीन भू-राजस्व संकलन प्रशासन, 31. भारत में सूफ़ीवाद का विकास, 32. भक्ति आंदोलन का स्वरूप व विकास, 33. सल्तनत कालीन शिक्षा तथा साहित्य, 34. शेरशाह, 35. कश्मीरी शासक जैनुल अबादीन, 36. मुगल राजत्व, 37. मुगल मनसबदारी व्यवस्था, 38. सुलह-ए-कुल का सिद्धांत, 39. मुगल राजपूत नीति, 40. मुगल दक्षिण नीति, 41. मुगल चित्रकला, 42. मुगलकालीन संगीत, 43. जयसिंह के खगोल संबंधी अनुसंधान, 44. भारतीय व्यापार तंत्र पर पुर्तगालियों का अधिकार, 45. डच कंपनी, 46. बंगाल में ब्रिटिश शक्ति का उदय

और उसका विस्तार, 47. मराठा : राजनीतिक आंदोलन की सामाजिक पृष्ठभूमि, 48. शिवाजी का साम्राज्य विस्तार व मराठा प्रशासन, 49. पेशवाओं का काल, 50. मुगल-मराठा संधि, 51. संगमकालीन प्रशासन, समाज, संस्कृति एवं अर्थव्यवस्था, 52. चोल : केंद्रीय व स्थानीय प्रशासन 53. विजयनगर : राजनीतिक उत्कर्ष, 54. विजयनगर प्रशासन, 55. विजयनगर : समाज, अर्थव्यवस्था व संस्कृति, 56. पल्लव स्थापत्य शैली, 57. पाण्ड्य : स्थापत्य शैली एवं विशेषताएँ, 58. चोल कला, 59. कल्याणी के परवर्ती चालुक्य एवं होयसला।

978 81 250 4067 5 2010 332 पृष्ठ ₹ 470.00

भारत का इतिहास
1707 से 1857 तक

लक्ष्मी सुब्रमण्यण

सन् 1707-1857 का भारत नाटकीय घटनाओं से भरा है। जिनका उपमहाद्वीप के इतिहास पर गहरा प्रभाव पड़ा। ब्रिटिश उपनिवेशीकरण के प्रभुत्व की प्रक्रिया परंपरागत

रूप से जैसी समझी जाती है, यह उससे कहीं अधिक जटिल है। 1910 के दशक से विद्वानों ने इस परिवर्तन काल को अधिक गहन मान्यता प्रदान की है। यह पाठ्यपुस्तक डेढ़ सौ सालों की अवधि में हुए सामाजिक और राजनैतिक बदलावों को पहचान कर उसका परीक्षण करती है। इस अवधि पर दशकों तक किए गए शोध के विश्लेषण और संश्लेषण के द्वारा पुस्तक में विभिन्न बिंदुओं को शामिल किया गया है; मुगल साम्राज्य का पतन, नए राज्यों का उदय और ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना; अठारहवीं शताब्दी के अप्रकाशित रूप से पूँजीवाद में संक्रमण और औपनिवेशिक हस्तक्षेप से जुड़े विचारों का परीक्षण व वे प्रक्रियाएँ जिन्होंने राज्य को सुदृढ़ किया और उसके शासन के तरीके व आर्थिक व्यवस्था का आधार; इस अवधि के दौरान होने वाले सामाजिक और बौद्धिक विकास जिसने औपनिवेशिक प्रभुत्व की स्थापना की और साथ ही साथ इसके विरोध का आधार भी दिया; अठारहवीं और उन्नीसवीं शताब्दी के आरंभ में विकसित संस्कृति, कला, साहित्य, संगीत और विचारों का व्यापक समर्थन; औपनिवेशिक शासन का विरोध और 1857 का विद्रोह।

इस पुस्तक में मानचित्र और संदर्भ ग्रंथ-सूची के साथ-साथ विस्तृत शब्दावली दी गई है जो इस पुस्तक को स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए आवश्यक बनाती है।

लक्ष्मी सुब्रमण्यण कोलकाता के सेंटर फॉर स्टडीज़ इन सोशल साइंसेज में इतिहास की प्रोफेसर हैं। इससे पूर्व वे जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली और कलकत्ता विश्वविद्यालय और विश्व-भारती, शांतिनिकेतन में अध्यापन कर चुकी हैं।

विषयानुक्रम : मानचित्रों की सूची, भूमिका, परिचय, 1. अठारहवीं शताब्दी का संक्रमण काल, 2. कंपनी बहादुर की स्थापना 1757-1857, 3. दृढ़ीकरण एवं अभिशासन : कंपनी राज के उपकरण, 4. कंपनी राज के अंतर्गत आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन, 5. प्रतिरोध और 1857 का महान विद्रोह, उपसंहार : परिवर्तन की शताब्दी में संस्कृति, शब्दावली, अनुक्रमणिका।

(अंग्रेज़ी में भी उपलब्ध)

978 81 250 4989 0 2013 304 पृष्ठ ₹ 465.00

आधुनिक भारत का इतिहास
ओरियंट ब्लैकस्वॉन स्मार्ट ऐप सहित

नवीन

विपिन चन्द्र

आधुनिक भारत का इतिहास ब्रिटिश राज के रूप में प्रख्यात ऐतिहासिक काल का प्रामाणिक विवरण प्रस्तुत करती है। यह मुख्य रूप से राजनीतिक वर्णन से इतर :

1. अठारहवीं सदी के भारत की उन परिस्थितियों का वर्णन करती है, जिसने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी को भारत में राज स्थापित करने में मदद की; 2. औपनिवेशिक शासन के मूल उद्देश्य पर दृष्टिपात करती है, जो व्यापार और निवेश के द्वारा भारत का आर्थिक शोषण करना था; 3. राष्ट्रवादी आंदोलन का विस्तृत विवरण देती है; 4. महत्त्वपूर्ण स्वतंत्रता सेनानियों का परिचय देती है। यह समग्र पाठ्यपुस्तक इतिहास के विद्यार्थियों के लिए और उन सभी पाठकों के लिए अनिवार्य है, जो आधुनिक भारत के इतिहास में रुचि रखते हैं।

विपिन चन्द्र आधुनिक भारतीय इतिहास के प्रख्यात इतिहासकारों में से एक रहे हैं। वे नेशनल बुक ट्रस्ट के चेयरमैन थे। वे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के ऐतिहासिक अध्ययन केंद्र में प्रोफेसर और नेशनल रिसर्च प्रोफेसर थे।

विषयानुक्रम : 1. अठारहवीं सदी : भारत में राज्य और समाज, 2. भारत में यूरोपियों का आगमन, 3. भारत में ब्रिटिश साम्राज्य : आर्थिक नीतियाँ और प्रशासनिक ढाँचा (1757-1857), 4. ब्रिटिश भारत में प्रशासनिक संगठन; सामाजिक तथा सांस्कृतिक नीति, 5. उन्नीसवीं सदी के पूर्वार्ध में सामाजिक और सांस्कृतिक जागरण, 6. 1857 का विद्रोह, 7. 1858 के बाद प्रशासनिक परिवर्तन, 8. ब्रिटिश शासन का आर्थिक प्रभाव, 9. भारत में राष्ट्रीय आंदोलन (1858-1905), 10. धार्मिक और सामाजिक सुधार : 1858 के बाद, 11. राष्ट्रवादी आंदोलन : उग्र राष्ट्रवाद का विकास (1905-1918), 12. स्वराज्य के लिए संघर्ष-I, 13. स्वराज्य के लिए संघर्ष-II : नई शक्तियों का आविर्भाव, संदर्भिका, अनुक्रमणिका।

*अंग्रेज़ी, बांग्ला और उड़िया में भी उपलब्ध।

978 93 9012 263 9 2020 376 पृष्ठ ₹ 435.00

पलासी से विभाजन तक और उसके बाद : आधुनिक भारत का इतिहास
दूसरा संस्करण

शेखर बंद्योपाध्याय

पलासी से विभाजन तक और उसके बाद : आधुनिक भारत का इतिहास अंग्रेज़ी पुस्तक *फ्रॉम प्लासी टू पार्टिशन एंड आफ्टर* का हिंदी अनुवाद है। इस पुस्तक

में जोड़े गए अंतिम अध्याय में उपनिवेशवाद के पश्चात् के भारत में नेहरू और उनके परवर्ती काल की सभी प्रमुख घटनाओं और ऐतिहासिक प्रवृत्तियों को शामिल किया गया है। इसमें भारतीय राष्ट्र में आए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक बदलावों के साथ एक दल के प्रभुत्व के अंतर्गत नियोजित अर्थव्यवस्था से लेकर गठबंधन सरकारों की बाज़ार अर्थव्यवस्था तक का विवेचन है। यह पुस्तक ब्रिटिश हुकूमत, ब्रिटिश शासकों और उनकी नीतियों की बजाय भारत के लोगों, उनकी आकांक्षाओं, उनके प्रतिरोध और संघर्ष को चित्रित करती है। वास्तव में यह पुस्तक राष्ट्र के रूप में भारत के अभ्युदय का प्रामाणिक विवरण है। इतिहास के इस काल पर लिखी गई बहुत ही कम पुस्तकों में भारतीय राष्ट्रवाद के उतार-चढ़ाव का इतना उत्कृष्ट चित्रण मिलता है। यह पुस्तक एक ओर इतिहास और राजनीति विज्ञान के छात्रों के स्तर के अनुकूल है, तो दूसरी ओर सामान्य तथा जिज्ञासु पाठकों के लिए भी रोचक और पठनीय रही है। यह पिछले दस सालों से इतिहास की एक अत्यधिक पठनीय और महत्त्वपूर्ण पुस्तक के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है।

शेखर बंद्योपाध्याय विक्टोरिया यूनिवर्सिटी ऑफ वेलिंगटन में एशियन हिस्ट्री के एसोसिएट प्रोफेसर और डायरेक्टर हैं। उन्होंने भारत के कलकत्ता तथा कल्याणी विश्वविद्यालयों में भी अध्यापन किया है। उनकी प्रकाशित रचनाओं में *कास्ट, पॉलिटिक्स एंड दि राज : बंगाल, 1872-1937; बंगाल : रीथिंकिंग हिस्ट्री : एसेज इन हिस्टोरियोग्राफी; कास्ट एंड कम्युनल पॉलिटिक्स इन साउथ एशिया व बंगाल : कम्युनिटीज, डेवलपमेंट एंड स्टेट्स* शामिल हैं।

विषयानुक्रम : मानचित्र-सूची, दूसरे संस्करण की भूमिका, शब्दावली। 1. अठारहवीं सदी का संक्रमण : 1.1 मुगल साम्राज्य का पतन, 1.2 क्षेत्रीय शक्तियों का उदय, 1.3 ब्रिटिश साम्राज्य की स्थापना; 2. भारत में ब्रिटिश साम्राज्य : 2.1 साम्राज्यवादी विचारधारा, 2.2 संसद और साम्राज्य, 2.3 मालगुज़ारी का दोहन, 2.4 शासन तंत्र, 2.5 साम्राज्य और अर्थव्यवस्था; 3. आरंभिक भारतीय प्रत्युत्तर : सुधार और विद्रोह : 3.1 सामाजिक और धार्मिक सुधार, 3.2 किसान और आदिवासी विद्रोह, 3.3 1857 का विद्रोह; 4. भारतीय राष्ट्रवाद का उदय : 4.1 भारतीय राष्ट्रवाद का इतिहास-लेखन, 4.2 कृषक समाज और कृषक असंतोष, 4.3 नया मध्य वर्ग और राष्ट्रवाद का उदय, 4.4 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना; 5. आरंभिक राष्ट्रवाद : असंतोष और विरोध : 5.1 नरमपंथी नेतृत्व और आर्थिक राष्ट्रवाद, 5.2 हिंदू पुनरुत्थानवाद और राजनीति, 5.3 गरमपंथी राजनीति का उदय और स्वदेशी आंदोलन, 5.4 मुस्लिम राजनीति और मुस्लिम लीग की स्थापना; 6. गांधीवादी राजनीति का युग : 6.1 सीमित स्वशासन के प्रलोभन 1909-19, 6.2 महात्मा गांधी का आगमन, 6.3 खिलाफ़त और असहयोग आंदोलन, 6.4 सविनय अवज्ञा आंदोलन, 6.5 1935 का अधिनियम, कागज़ी संघ और रजवाड़े; 7. भारतीय राष्ट्र के विविध स्वर : 7.1 मुसलमानों

का अलगाव, 7.2 गैर-ब्राह्मण और दलित प्रतिरोध, 7.3 व्यापार और राजनीति, 7.4 मज़दूर वर्ग के आंदोलन, 7.5 स्त्रियों की भागीदारी; 8. विभाजन के साथ स्वतंत्रता : 8.1 भारत छोड़ो आंदोलन, 8.2 उथल-पुथल का दशक, 8.3 विभाजन के साथ स्वतंत्रता की दिशा में; 9. स्वतंत्रता और विभाजन के पश्चात् : 9.1 परिवर्तन का काल, 9.2 विभाजन और शरणार्थी, 9.3 कश्मीर, हैदराबाद और साम्यवादी, 9.4 संविधान एवं लोकतंत्र 9.5 नेहरूवादी राष्ट्र और इसकी राजनीति, 9.6 ''कांग्रेस प्रणाली'' का पतन। परिशिष्ट : आधुनिक भारत के इतिहास का काल विवरण, संदर्भिका, अनुक्रमणिका, *मानचित्र 1* मुगल साम्राज्य, 1707 में, *मानचित्र 2* अठारहवीं सदी की क्षेत्रीय शक्तियाँ, *मानचित्र 3* भारत में ब्रिटिश इलाके, 1857 में, *मानचित्र 4* ब्रिटिश भारत और रजवाड़े, 1904 के आस-पास, *मानचित्र 5* भारत, 1947 में, *मानचित्र 6* भारत, 1956 में।

(अंग्रेज़ी और बांग्ला में भी उपलब्ध)

978 81 250 5850 2 2015 612 पृष्ठ ₹ 495.00

बस्तर : राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक इतिहास

नवीन

आभा रूपेन्द्र पाल/डिश्वर नाथ खुटे

प्रस्तुत पुस्तक पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) के स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तरों में शामिल बस्तर पर पाठ्यक्रम के अनुकूल तैयार की गई है। यह पुस्तक छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थियों के लिए भी सहायक सिद्ध होगी। प्रस्तुत पुस्तक में बस्तर का सामान्य परिचय, प्रारंभिक इतिहास, आज़ादी से पहले की राजनीतिक स्थिति, बस्तर में हुए प्रमुख विद्रोह, प्रशासनिक व्यवस्था, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक पक्ष, बस्तर में आए अंग्रेज़ों के यात्रा विवरण, प्रमुख ऐतिहासिक-पर्यटक आकर्षण, वर्तमान भौगोलिक-राजनीतिक-प्रशासनिक स्थिति और नक्सलवाद पर विस्तार से चर्चा की गई है। विद्यार्थियों की सुविधा हेतु विस्तृत संदर्भ-ग्रंथ सूची, बस्तर संभाग एवं इसमें सम्मिलित ज़िलों की प्रमुख जानकारी नक्शों के साथ परिशिष्ट में दी गई है।

आभा रूपेन्द्र पाल इतिहास अध्ययन शाला, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में प्राध्यापक एवं अध्यक्ष हैं। साथ ही, वे छत्तीसगढ़ इतिहास परिषद व इस विश्वविद्यालय के इतिहास अध्ययन मंडल की अध्यक्ष भी हैं।

डिश्वर नाथ खुटे इतिहास अध्ययन शाला, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में सहायक प्राध्यापक हैं।

विषयानुक्रम : 1. बस्तर का सामान्य परिचय : स्थिति, विस्तार एवं सीमाएं; भौगोलिक परिचय; प्रमुख जनजातियां। 2. बस्तर का प्रारंभिक इतिहास : नलवंश; गंगवंश; छिंदक नागवंश; काकतीय वंश। 3. बस्तर की राजनीतिक स्थिति (1800-1947): बस्तर पर मराठों का प्रभुत्व; बस्तर ब्रिटिश शासन की अधीनता में सामंतीय राज्य के रूप में; शासकों की स्थिति; स्वतंत्रता के उपरांत काकतीय वंशीय उत्तराधिकारी। 4. बस्तर में जनचेतना का विकास एवं विद्रोह (1774-1947): डोंगर क्षेत्र में हल्बा विद्रोह; भोपालपट्टनम का संघर्ष; परलकोट का विद्रोह; तारापुर का विद्रोह; मेरिया विद्रोह; महान मुक्ति संग्राम; कोई विद्रोह; मुरिया विद्रोह; भूमकाल विद्रोह; बस्तर में स्वाधीनता हेतु प्रयास। 5. बस्तर की प्रशासनिक व्यवस्था (1854-1947): सामान्य प्रशासन; जमींदारी व्यवस्था; पुलिस एवं सैन्य व्यवस्था; वन एवं आबकारी व्यवस्था; विधि एवं न्याय व्यवस्था; राजस्व व्यवस्था; शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था; स्थानीय तथा ग्राम व्यवस्था; लोक निर्माण, रेल एवं डाक-तार व्यवस्था; सिंचाई व्यवस्था; व्यापार व्यवस्था। 6. बस्तर की सामाजिक-आर्थिक स्थिति तथा धर्म एवं आस्थाएं : आदिवासियों की सामाजिक संरचना– स्त्रियों की दशा, वस्त्राभूषण, मनोरंजन के साधन, मड़ई मेले, तीज-त्यौहार एवं देवी-देवता; आर्थिक स्थिति–कृषि, पशुपालन, शिकार, वनोपज, हाट-बाज़ार, नाप-तोल, उद्योग धंधे, वाणिज्य व्यापार, धर्म एवं आस्थाएं, लोक कला संस्कृति–लोक नृत्य, लोक गीत, लोक साहित्य, शिल्प कला। 7. ब्रिटिश यात्रियों तथा अधिकारियों के विवरण एवं बस्तर के अमर शहीद : ब्रिटिश यात्रियों तथा अधिकारियों के विवरण–जे.टी. ब्लंट, पी. वान्स एगेन्यू, रिचर्ड जेनकिंस, मैकफर्सन, चार्ल्स इलियट, सी. ग्लासफर्ड, ए.आई.आर. ग्लासफर्ड, मैकजार्ज, एस.सी.ई. वार्ड, ए.एच.एल. फ्रेजर, फैगन, जी.डब्लू. गेयर, चैपमैन, ई.ए.डी. ब्रेट, रेवरेंड वार्ड, डब्लू.वी. ग्रिग्सन; बस्तर के अमर शहीद– अजमेर सिंह, गेंदा सिंह, धुर्वाराव, बाबूराव, यादोराव, वेंकटराव, नागुल दोर्ला, लाल कालेंद्र सिंह, स्वर्णकुंवर देवी, गुंडाधुर। 8. बस्तर के प्रमुख पर्यटन स्थल : जगदलपुर; दंतेवाड़ा; बारसूर; गढ़धनोरा; नारायणपाल; भोंगापाल; ढोंढरे पाल; बड़े डोंगर; चित्रकोट; तीरथगढ़; कुटुंबसर गुफा; कैलाश गुफा; केशकाल; बैलाडीला। 9. बस्तर के अन्य आकर्षण : घोटुल; बस्तर दशहरा; कांगेर घाटी एवं इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान; भैरमगढ़ एवं पामेड़ अभयारण्य; अबूझमाड़; के.के. रेलवे लाईन। 10. बस्तर में नक्सलवाद एवं सलवा जुडूम। 11. बस्तर–समग्र परिचय : बस्तर संभाग की महत्त्वपूर्ण जानकारी; बस्तर के ज़िलों की महत्त्वपूर्ण जानकारी–बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा एवं कांकेर ज़िला। संदर्भ-ग्रंथ सूची, परिशिष्ट 1-बस्तर : बिंदुवार महत्त्वपूर्ण जानकारी, परिशिष्ट 2-बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले ज़िलों की महत्त्वपूर्ण जानकारी। अनुक्रमणिका।

978 93 5442 050 4 2022 208 पृष्ठ ₹ 275.00

आधुनिक भारत का सांस्कृतिक इतिहास

संपादन : दिलीप एम. मेनन

आधुनिक भारत का सांस्कृतिक इतिहास सामान्यतया राष्ट्रीय आंदोलन, बड़े व्यक्तियों और राजनीति में महत्त्व रखने वाली चीज़ों के रूप में लिखा गया है। हाल ही में इतिहास लेखन के रूप में आए बदलाव ने क्षेत्रों और वहाँ के लोगों के सहायक इतिहास को प्रमुखता प्रदान की है। इस संग्रह के लेख देशों के परंपरागत इतिहास और राजनीति की बजाय इतिहास को अलग तरीके से प्रस्तुत करते हैं। पुस्तक के छह लेख जो क्रिकेट, मौखिक इतिहास, जेंडर स्टडीज़, फिल्म, पॉपुलर कल्चर और भारतीय शास्त्रीय संगीत से संबंधित हैं, मौलिक और अग्रणी लेख हैं। चाहे बीसवीं शताब्दी में क्रिकेट के मैदान में जातिवाद का मुद्दा हो या उन्नीसवीं शताब्दी में किसी भारतीय गृहिणी द्वारा पहली बार अपनी आत्मकथा लिखने की बात; या फिर किस तरह कैलेंडर आर्ट धर्म और समाज के जटिल ताने-बाने को सहज रूप से प्रकट करती है या टेक्नोलॉजी शुद्ध शास्त्रीय संगीत को किस तरह से चुनौती दे रही है। इन पर आधारित निबंध यह दर्शाते हैं कि समाज और कला के विचार किस तरह स्वत: व्यापक राजनीति में निर्मित होते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि संस्कृति राजनीति की शरण में रहने से अलग एक ऐसी जगह है जहाँ राजनीति भी अपना काम कर जाती है।



प्रस्तुत पुस्तक सोशल साइंस प्रेस द्वारा प्रकाशित अंग्रेज़ी पुस्तक *कल्चरल हिस्ट्री ऑफ मॉडर्न इंडिया* का हिंदी अनुवाद है।

दिलीप एम. मेनन दिल्ली विश्वविद्यालय में आधुनिक इतिहास के एसोसिएट प्रोफेसर थे। वर्तमान में वे सेंटर फॉर इंडियन स्टडीज़ इन साउथ अफ्रीका, यूनिवर्सिटी ऑफ विटवाटर्सलैंड, जोहान्सबर्ग में अध्यापनरत हैं। उन्होंने *कास्ट, नेशनलिज़्म एंड कम्युनिज़्म इन साउथ इंडिया; मालाबार 1900-48* तथा *दि ब्लाइंडनेस ऑफ इनसाइट : एस्सेज ऑन कास्ट इन मॉडर्न इंडिया* नामक पुस्तकें लिखी हैं।

विषयानुक्रम : भूमिका एवं आभार, परिचय, 1. क्रिकेट और जाति : पावलंकर बंधुओं का शौर्यपूर्ण संघर्ष; 2. अपनी किताब, अपनी जिंदगी : उन्नीसवीं सदी की एक महिला की आत्मकथा; 3. वर्तमान में अतीत; 4. राष्ट्रीय पहचान और यथार्थवादी सौंदर्य बोध; 5. अनेकता में एकता? भारतीय कैलेंडर आर्ट में राष्ट्रीयता की दुविधा; 6. गुरु और ग्रामोफोन : निष्ठा और आधुनिक टेक्नोलॉजी की कहानी; अनुक्रमणिका।

(अंग्रेज़ी में भी उपलब्ध)

978 81 250 3427 8 2010 196 पृष्ठ ₹ 375.00

1857 का विद्रोही जगत् : पूरबी उत्तर प्रदेश में

सैयद नजमुल रज़ा रिज़वी

यह पुस्तक एक व्यवस्थित और अपनी तरह के अप्रतिम शोध का परिणाम है। इस पुस्तक का केंद्र पूरबी उत्तर प्रदेश का वह भौगोलिक क्षेत्र है जिसने 1857 की ऐतिहासिक क्रांति में अपना अद्वितीय योगदान तो दिया लेकिन इस पर आज तक कोई सिलसिलेवार अध्ययन नहीं किया गया। पुरबिया सिपाहियों ने, जैसा भारतीय सिपाहियों को बंगाल सेना में विशेषित किया जाता था, स्वयं क्रांति के प्रमुख केंद्रों में संघर्ष तो किया था, परंतु उनके अपने देशज क्षेत्रों जैसे उत्तर में नेपाल, पश्चिम में गोरखपुर/अवध और पूरब में बिहार तो दक्षिण-पश्चिम में इलाहाबाद तक फैले पूरबी

उत्तर प्रदेश में वास्तव में क्या हुआ था, लेखक ने पहली बार इससे जुड़े सारे तथ्यों को स्वयं इन इलाक़ों का दौरा करके पुख़्ता सबूतों के साथ रखने का महती काम किया है।

इस पुस्तक के ज़रिए पूरब के इसी इलाक़े के 1857 के "विद्रोही जगत्" को समझा गया है। अभिलेखागारों में संरक्षित लेखों, सेटिलमेंट रिपोर्टों, आधिकारिक प्रकाशनों, ब्रिटिश अधिकारियों के संस्मरणों एवं स्वदेशी लेखों के आधार पर किए गए इस शोध से कई नवीन तथ्य सामने आए हैं। विभिन्न आँकड़ों को प्रस्तुत करते हुए लेखक ने दंड, ज़ब्ती, साथ ही वफ़ादारों और जासूसों के पुरस्कार से जुड़े छोटे-छोटे विवरण भी दिए हैं जिनके ज़रिए पूरबी उत्तर प्रदेश को कहीं बेहतर ढंग से समझा जा सकेगा। विद्रोह के प्रमुख केंद्रों और विद्रोही नेताओं के ठिकानों को दर्शाया जाने वाला एक नक्शा भी पाठकों की सहूलियत के लिए दिया गया है।

यह पुस्तक भारतीय इतिहास के स्नातक एवं परास्नातक छात्रों सहित शोधार्थियों के लिए भी अत्यंत लाभदायक संदर्भ सामग्री है।

सैयद नजमुल रज़ा रिज़वी 'भारत के इतिहास' के जाने-माने इतिहासकार हैं। वे मध्यकालीन/आधुनिक इतिहास विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में विभागाध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने मध्यकालीन भारतीय इतिहास संबंधी विभिन्न पुस्तकों का प्रकाशन और संपादन किया है। वे विगत कई दशकों से उत्तर प्रदेश हिस्ट्री कांग्रेस से सक्रिय रूप से जुड़े हैं और वहाँ कई वरिष्ठ पदों को सुशोभित कर चुके हैं। वे वर्ष 2017-2018 के लिए इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस की कार्यकारिणी के चयनित सदस्य थे।

विषयानुक्रम : समर्पण, मानचित्र, चित्र-सूची, अपनी बात (आभार), प्राक्कथन। **अध्याय 1.** आक्रोश एवं विद्रोह; **अध्याय 2.** विद्रोह की प्रकृति; **अध्याय 3.** विद्रोह के शिल्पकार : मौलवी सरफराज़ अली; **अध्याय 4.** पूरबी उत्तर प्रदेश में विद्रोह की प्रमुख घटनाएँ; **अध्याय 5.** विद्रोही जगत् एवं उसके प्रमुख नायक; (अ) स्वरूप, (ब) गोरखपुर जनपद के प्रमुख नायक, (स) डम्मन खाँ : नेपाल तराई का वासी, (द) आज़मगढ़, बनारस, जौनपुर, मिर्ज़ापुर और गाज़ीपुर जनपद एवं बाह्य भूभाग से संबद्ध विद्रोही नायक; **अध्याय 6.** विद्रोह की सीमाएँ, परिणाम एवं महत्त्व। परिशिष्ट : (अ) समकालीन कृति *कश्फ़ुल बगावत, गोरखपुर* में उपलब्ध विद्रोहियों के नाम; (ब) *कश्फ़ुल बगावत, गोरखपुर* के अनुसार कुछ विद्रोहियों को मिले दंड का विवरण; (स) समकालीन अप्रकाशित अंग्रेज़ी अभिलेख में 1857 के विद्रोह में सक्रिय भूमिका निभाने वाले पूरबी उत्तर प्रदेश के विद्रोहियों की सूची; (द) प्रकाशित अभिलेखों में पूरबी उत्तर प्रदेश के विद्रोहियों की सूची; (इ) 1857 के विद्रोह में पूरबी उत्तर प्रदेश के शहीद हुए लोगों की सूची; (ई) पूरबी उत्तर प्रदेश में अंग्रेज़ों के प्रमुख पक्षधर एवं सहयोगियों की सूची; संदर्भिका; विशिष्ट शब्दावली; शब्द अनुक्रमणिका।

978 93 5287 365 4 2018 320 पृष्ठ ₹ 575.00

समकालीन विश्व का इतिहास 1890-2008

अर्जुन देव/इंदिरा अर्जुन देव

दो प्रमुख भारतीय इतिहासकारों द्वारा लिखित इस पुस्तक में विस्तृत कालविभाजन अपनाते हुए लगभग हर काल में दुनिया के हर क्षेत्र में घटित प्रमुख घटनाओं का वर्णन व्यापक ऐतिहासिक अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में किया गया है। पुस्तक समकालीन इतिहास का वर्णन बिना किसी पूर्वाग्रह के करती है। यह विश्व इतिहास की

प्रमुख घटनाओं के बारे में बेहतर जानकारी और समझ विकसित करने में सहायक है। ऐतिहासिक घटनाओं का विस्तृत वर्णन इसे समकालीन इतिहास की एक परिपूर्ण पुस्तक बनाता है।

यह पुस्तक विश्वविद्यालयों में इतिहास विषय पढ़ रहे छात्रों के लिए और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए समान रूप से उपयोगी है।

अर्जुन देव भारत सरकार की पाठ्यपुस्तक मूल्यांकन संबंधी राष्ट्रीय संचालन समिति और समकालीन भारत पर राष्ट्रीय परामर्श समिति के सदस्य सचिव रहे हैं। वे 1963 से 2000 तक एनसीईआरटी से जुड़े रहे तथा इतिहास के प्रोफेसर और एनसीईआरटी के तत्कालीन समाज विज्ञान और मानविकी विभाग के प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हुए। **इंदिरा अर्जुन देव** एनसीईआरटी में इतिहास की प्रोफेसर रही हैं। एनसीईआरटी में रहते हुए वे पाठ्यचर्या और मूल्यांकन संबंधी कार्यक्रमों से जुड़ी रहीं।

विषयानुक्रम : 1. इतिहास में काल विभाजन, 2. 1890 से प्रथम विश्व युद्ध तक की दुनिया; यूरोप : उपनिवेशवाद, सैन्यीकरण और युद्ध, संयुक्त राज्य अमरीका और जापान : संयुक्त राज्य अमरीका साम्राज्यवादी शक्ति के रूप में, समानता के लिए काले लोगों का संघर्ष; जापान : आधुनिक जापान का उदय; एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमरीका : प्रथम विश्व युद्ध : तात्कालिक कारण; युद्ध का विस्तार; युद्ध के दौर का घटनाक्रम : रूसी क्रांति : रूस में क्रांतिकारी आंदोलन, फरवरी क्रांति, अक्तूबर क्रांति, 3. दो विश्व युद्धों के बीच की दुनिया; इस काल की सामान्य विशेषताएँ; शांति संधियाँ : राष्ट्र संघ की स्थापना; वर्साय की संधि; आस्ट्रिया, हंगरी और तुर्की के साथ संधियाँ; दो विश्व युद्धों के बीच संयुक्त राज्य अमरीका, सोवियत संघ तथा जापान : 1929 का घोर संकट; नई नीति; संयुक्त राज्य अमरीका और विश्व; सोवियत संघ : युद्ध साम्यवाद और नवीन आर्थिक नीति; सोवियत समाजवादी गणतंत्र संघ; एकदलीय शासन से तानाशाही की ओर; जापान : विस्तारवादी नीति; एशिया : भारत : चीन : साम्राज्यवाद विरोधी लहर; चीन में गृहयुद्ध; कोरिया; दक्षिण-पूर्व एशियाई देश : 1919 और 1923 के बीच का यूरोप; यूरोप पर महामंदी का प्रभाव; ब्रिटेन का घटनाचक्र; फ्रांस में राजनीतिक अस्थिरता; पुर्तगाल तथा स्पेन; जर्मनी में नाजीवाद की विजय; राष्ट्र संघ; स्पेन का गृहयुद्ध; म्यूनिख समझौता; पोलैंड का प्रश्न और सोवियत संघ के साथ वार्ता, 4. द्वितीय विश्व युद्ध 1939-1945; युद्ध का आरंभ; पूर्वी पोलैंड और बाल्टिक राज्यों पर सोवियत कब्ज़ा; अटलांटिक चार्टर; पर्ल हारबर पर आक्रमण; विश्व युद्ध; स्टालिनग्राड की लड़ाई; उत्तर अफ्रीका और प्रशांत क्षेत्र की लड़ाई; यूरोप में मित्र-राष्ट्रों की विजय; जर्मनी का आत्मसमर्पण; जापान का आत्मसमर्पण; फासीवादी बर्बरता; मित्र-राष्ट्रों के हवाई हमले और परमाणु बमों का उपयोग; तेहरान सम्मेलन; डंबर्टन ओक्स सम्मेलन; याल्टा सम्मेलन; संयुक्त राष्ट्र घोषणा-पत्र; पोट्सडम सम्मेलन, 5. 1945 के बाद की दुनिया; शीतयुद्ध : पूर्वी यूरोप में साम्यवादी सरकारें; जर्मनी का घटनाक्रम, यूनान का गृहयुद्ध; ट्रूमेन सिद्धांत; बर्लिन संकट और जर्मनी का विभाजन : सोवियत संघ का परमाणु शक्ति के रूप में उदय; चीन में साम्यवाद की विजय; शीतयुद्ध में तेजी : एशिया में सैनिक संधियाँ; सी.आई.ए. की भूमिका; वियतनाम युद्ध : क्यूबा में प्रक्षेपास्त्र संकट; शीतयुद्ध का अंत; संयुक्त राज्य अमरीका; आर्थिक प्रभुत्व; साम्यवाद विरोधी जुनून; नवीन घटनाचक्र : संयुक्त राज्य में आत्मघाती हमले; अफगाानिस्तान में लड़ाई; इराक युद्ध।

(अंग्रेज़ी में भी उपलब्ध)

978 81 250 3696 8 2009 304 पृष्ठ ₹ 435.00

इतिहास-लेख : एक पाठ्यपुस्तक

ई. श्रीधरन

इतिहास-लेख : एक पाठ्यपुस्तक 500 ई.पू. से 2000 ईस्वी यानि हेरोडोटस के समय से लेकर आधुनिकोत्तर काल तक इतिहास लेख के विकास का वर्णन करती है।

इसमें विषय के प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक पक्ष शामिल हैं। यह सरल, बोधगम्य, स्पष्ट, संक्षिप्त एवं उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान करती है। लेखक ने विरोधी विचारों के संबंध में एक संतुलित दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है जिससे पाठक इस वृहत् विषय को समझ सकें। इस स्पष्ट विश्लेषणात्मक कार्य में इतिहास लेख के दो हज़ार पाँच सौ वर्षों की जानकारी है। साथ ही इसमें भारतीय इतिहास लेख और इतिहास की रचनात्मकोत्तरवादी (ps tstructuralist) आलोचना भी शामिल है।

इतिहास-लेख ऐतिहासिक अध्ययन का अपेक्षाकृत एक नया विषय है, जिसे कई भारतीय विश्वविद्यालयों में ग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर शामिल किया गया है। इतिहास-लेख पर अध्ययन सामग्री की आवश्यकता सदा से रही है। किसी विश्वसनीय पुस्तक के अभाव में अक्सर देखा जाता है कि पूछे गए प्रश्न और दिए गए उत्तर में भयंकर विसंगति होती थी। इस स्थिति में इस विषय के अध्ययन के लिए एक पाठ्यपुस्तक का होना अत्यंत आवश्यक है।

प्रांजल भाषा में लिखी यह पुस्तक दुरूह शब्दावली से मुक्त है। यह न केवल विद्यार्थियों और कुशाग्र अध्यापकों के लिए उपयोगी है बल्कि हर उस व्यक्ति के लिए रुचिकर है जो पिछली पीढ़ियों के इतिहास को जानना चाहता है। परिचर्चा की संपूर्णता, तर्कों की स्पष्टता और स्रोतों का विशाल प्रतिबिंब इसके अन्य गुण हैं।

ई. श्रीधरन एक अध्यापक और इतिहास प्रेमी हैं। उनके द्वारा इस पुस्तक में प्रस्तुत दार्शनिक, धार्मिक, वैज्ञानिक, विचारधाराओं और भाषिक विचारों में इसकी व्यापक झलक मिलती है। इसके आधार पर उन्होंने 2500 वर्षों के इतिहास को समाहित करने की कोशिश की है।

विषयानुक्रम : अध्याय 1 भूमिका; अध्याय 2 I. यूनानी इतिहास-लेख : 1. पूर्व शास्त्रीय काल में इतिहास-लेख;

II. हेलेनिस्टिक काल में इतिहास-लेख : 1. हेलेनिस्टिक इतिहास-लेख के पीछे प्रभाव, 2. पोलिबियस; **III. रोमन इतिहास-लेख :** 1. (क) केटो (ख) ऐतिहासिक संस्करण, 2. लिवी, 3. टैसिटस, 4. ग्रीक-रोमन इतिहासकार, 5. ग्रीक-रोमन इतिहास-लेखन की विशेषताएँ; **IV. प्राचीन चीनी इतिहास-लेख :** 1. प्राचीन चीन में इतिहास-लेख के विकास के लिए अनुकूल परिस्थितियां, 2. कुछ चीनी इतिहासकार, कनफ्यूशियस, स्जूमा चियन, पान कू और स्जूमा क्वांग, चीनी इतिहास-लेख का मानक इतिहास, **अध्याय 3 I. मध्ययुगीन ईसाई इतिहास-लेख** 1. पश्चिम में इतिहास-लेख का पतन, 2. ईसाई ऐतिहासिक चेतना का विकास, 3. सीजेरिया का यूसीबियस और पॉलस ओरोसियस, 4. संत आगस्टीन, 5. टूअर्स का ग्रेगरी, वेनरेबल बीड, 6. वृत्तांत और इतिवृत्त वृत्तांत, 7. कैरोलिंगियन पुनर्जागरण का इतिहास-लेख, आइनहार्ड, पॉल द डीकन, निथार्ड, 8. द क्रूसेड, 9. ईसाई या मध्ययुगीन यूरोपीय इतिहास-लेख का आकलन; **II. मध्ययुगीन मुस्लिम इतिहास-लेख (पश्चिम एशियाई परंपरा) :** 1. इस्लामी इतिहास-लेख पर पड़े प्रभाव, 2. इस्लामी पूर्व, अलबरूनी, 3. इस्लामी पश्चिम, 4. क्रूसेडों और मंगोल आक्रमणों के मध्ययुगीन मुस्लिम इतिहासकार, 5. भूगोल और यात्रा संबंधी मध्ययुगीन मुस्लिम साहित्य, इब्नबतूता, 6. इब्न खालदून; **अध्याय 4 I. इतिहास-लेख पर पुनर्जागरण का प्रभाव** 1. अर्थ, 2. पुनर्जागरण का इतिहास-लेख पर प्रभाव, 3. पुनर्जागरणकाल के इतिहासविद्, फ्लावियो बियांडो और लियोनार्डो ब्रूनी, निकोलो मैकियावेली, लिवी की प्रथम दस पुस्तकों पर संभाषण, फ्लोरेंस का इतिहास, इतिहास का दर्शन, फ्रांसेस्को गुइशीर्याडनी, जीन बॉडिन और फ्रांसिस बेकन, 4. मानववादी इतिहास-लेख : एक मूल्यांकन; **II. वैज्ञानिक क्रांति का प्रभाव : बेकन एवं डेस्कारेट्स :** 1. वैज्ञानिक क्रांति, 2. आधुनिक दर्शन में पारगमन : फ्रांसिस बेकन एवं रेने डेस्कारेट्स, 3. वैज्ञानिक क्रांति का इतिहास-लेख पर प्रभाव, 4. कार्टेशियन इतिहास-लेख; **III. विको : इतिहास का नया विज्ञान :** 1. कार्टेशियनवाद का विरोध : विको का ज्ञान-सिद्धांत; **अध्याय 5 I. अठारहवीं सदी का ज्ञानोदय एवं इसका इतिहास-लेख पर प्रभाव** 1. ज्ञानोदय, 2. ज्ञानोदय का इतिहास-लेख पर प्रभाव : उन्नति का विचार, धर्म के विरुद्ध विद्रोह, इतिहास में धर्म-निरपेक्षवाद, इतिहास की आवश्यकता पर जोर, मानव इतिहास की एकता, उन्नति का विचार, इतिहास का दर्शन; **II. ज्ञानोदय काल के इतिहासकार** 1. माटेस्क्यू, 2. वोल्टेयर, 3. डेविड ह्यूम, 4. विलियम राबर्टसन, 5. एडवर्ड गिब्बन, 6. ज्ञानोदय काल के इतिहास-लेख की कमियां; **अध्याय 6 तर्कवाद के विरोध में स्वच्छंदता की प्रतिक्रिया** 1. स्वच्छंदतातावाद, 2. रूसो, 3. हर्डर, 4. हर्डर : कॉलिंगवुड की समीक्षा, 5. इतिहास-लेख पर स्वच्छंदतावाद का प्रभाव, 6. इतिहास का दर्शनशास्त्र, 7. हीगल, 8. हीगल की समालोचना; **अध्याय 7 I. स्वच्छंदतावादी-राष्ट्रीय-साहित्यिक इतिहास-लेख** 1. स्वच्छंदतावाद, 2. स्वच्छंदतावाद-इतिहास एक राष्ट्रीय वीरगाथा के रूप में : थियरे और मिशेले, 3. इतिहास-साहित्य के तौर पर : मैकॉले और कार्लाईल, 'हिस्ट्री' निबंध, ऐस्सेज, इंग्लैंड का इतिहास जेम्स II के राज्य आरोहण से, शैली, समालोचना, ज्ञान की कमी, 4. राष्ट्रवादी इतिहास-लेख : ड्रायसेन, सिबल और ट्रीस्के, जॉन गुस्ताव ड्रायसेन हेनरिक वॉन सिबल, हेनरिक वॉन ट्रीस्के; **II. इतिहास-लेख में बर्लिन क्रांति : नीबुर और रैंक; अध्याय 8 इतिहास में प्रत्यक्षवाद : ऑगस्त कौंत, हेनरी टॉमस बकल और कार्ल मार्क्स** 1. प्रत्यक्षवाद, स्वच्छंदतावाद और प्रत्यक्षवाद, रैंक और कौंत द्वारा प्रवर्तित प्रत्यक्षवाद में अंतर, 2. ऑगस्त कौंत का दर्शन, 3. हेनरी टॉमस बकल, 4. प्रत्यक्षवाद, एक मूल्यांकन, 5. कार्ल मार्क्स, 6. मार्क्सवाद (ऐतिहासिक भौतिकवाद) का इतिहास-लेख पर प्रभाव; **अध्याय 9 बीसवीं शताब्दी - I** 1. वैज्ञानिक इतिहास और संशयवादी स्वर, 2. इतिहास की प्रकृति, प्रकार्य और प्रयोजन : बरी और ट्रेवेलयन, 3. दर्शन में नई रुचि : स्पेंगलर और टॉयनबी, ओस्वाल्ड स्पेंगलर, 4. इतिहास का आदर्शवादी दृष्टिकोण बेनेडेट्टो क्रोश और आर.जी. कॉलिंगवुड; **अध्याय 10 बीसवीं शताब्दी - II** भाग I 1. ऐतिहासिक सापेक्षवाद, जे.एच. रॉबिन्सन, सी.ए. बेयर्ड और कार्ल बेकर, 2. आर्थिक इतिहास, हेनरी पाइरेने, जॉर्ज लेफेब्रे, सिडनी वेब और बिएट्रिस वेब, जे.एच. क्लैपहैम, आर.एच. टाउने, 3. सामाजिक इतिहास, 4. कुछ अग्रणी पेशेवर इतिहासकार, थियोडोर मॉमसेन, एफ. डब्ल्यू. मेटलैंड, एच.ए.एल. फिशर, लेविस बर्नस्टाइन नेमियर, ट्रेवेलयन, 5. आधुनिक अनुभववादी, किट्सन क्लार्क, जी. आर. एल्टन, ए.जे.पी. टेलर इतिहास का दर्शन, ह्यू ट्रेवर-रोपर विवादप्रिय इतिहासकार, यूरोपीय इतिहास की प्रधानता, 6. ब्रिटिश मार्क्सवादी इतिहासकार, क्रिस्टोफर हिल, ई. हॉब्सबॉम, ई.पी. टॉमसन (जन्म 1917), द मेकिंग ऑफ दि इंग्लिश वर्किंग क्लास; भाग II 1. समग्र इतिहास की ओर : लूसियन फेब्रे, मार्क ब्लोख और एनालेस स्कूल, 2. फर्नैंड ब्राउडेल, मेडिटेरेनियन को प्रभावित करने वाले कारक, 3. दि मेडिटेरेनियन की आलोचना; **अध्याय 11 इतिहास को आधुनिकोत्तरवाद की चुनौती** आधुनिकोत्तरवाद क्या है? आधुनिकोत्तरवाद एवं इतिहास, भाग I. दर्शनशास्त्रीय परिवर्तन, 1. ज्ञानोदय मानववाद की आधुनिकोत्तरवादी आलोचना, 2. आधुनिकोत्तरवाद का इतिहास पर आक्षेप, 3. मिशेल फॉकाल्ट, फॉकाल्ट का इतिहास दर्शन, 4. फॉकाल्ट के नए प्रकार के इतिहास के गुण, मूल्यांकन, भाग II. भाषायी बदलाव, 1. व्याख्यात्मक पद्धति, 2. इतिहास पर आधुनिकोत्तरवादी विचारों के पीछे भाषायी सिद्धांत, जैक्स देरिदा : व्याकरण शास्त्र का उग्र व्याख्यात्मक रूप, ढहाना, अनिर्णयात्मकता और विस्तार, भाग III. आधुनिकोत्तरवादी ऐतिहासिक सिद्धांत बनाम परंपरागत इतिहास, 1. आत्म विश्वास का संकट, 2. आधुनिकोत्तरवादी भाषायी सिद्धांत और इसका इतिहास पर प्रभाव, 3. आधुनिकोत्तरवादी ऐतिहासिक सिद्धांत की समालोचना, 4. आधुनिकोत्तरवाद का इतिहास-लेख पर प्रभाव; **अध्याय 12 प्राचीन भारतीय इतिहास-लेख** 1. इतिहास बोध का अभाव, 2. इतिहास बोध अभाव की व्याख्या, 3. कालक्रम निर्धारण की समस्या, घटनाओं की कालक्रम व्यवस्था और क्रियाओं के क्रम की हिंदू अवधारणा, 4. भारतीय ऐतिहासिक परंपरा का आरंभ, 5. वंश और चरित, ऐतिहासिक काव्य या चरित या अलंकृत जीवनियां, बाण भट्ट : हर्षचरित, 6. वाकपतिराज, पद्मगुप्त, अतुल, बिल्हण, भूलोकमल्ल और जयनक, अतुल : मूषिकवंश, बिल्हण : विक्रमांकदेवचरित, 7. कल्हण : राजतरंगिणी, 8. प्राचीन भारतीय इतिहास-लेख : एक समालोचना; **अध्याय 13 मध्यकालीन इंडो-मुस्लिम इतिहास-लेख** I **सल्तनत काल :** 1. सल्तनत काल के सामान्य सार्वभौमिक इतिहास (1200-1526), 2. विशिष्ट इतिहास, इतिहास-लेख के कलात्मक रूप, 3. मुगल-पूर्व इंडो-मुस्लिम इतिहास-लेख की मुख्य विशेषताएं II **मुगल काल :** 1. राजसी या राजसत्ता केंद्रित आत्मकथाएं, 2. अकबर के शासनकाल में इतिहास-लेख (1556-1605), 3. जहांगीर से औरंगज़ेब तक इतिहास-लेख (1606-1707), 4. अठारहवीं शताब्दी में भारत में इतिहास-लेख; **अध्याय 14 I. भारत शास्त्र और भारतीय इतिहास का पुनरोद्धार** 1. प्राचीन भारत पर ऐतिहासिक साहित्य का अभाव, 2. प्राच्यवादी या प्राचीन भारतीय इतिहास की भारत शास्त्रीय पुनर्स्थापना; II. **भारत पर ब्रिटिश साम्राज्यवादी (औपनिवेशिक) इतिहास-लेख** 1. जेम्स मिल, 2. माउंट स्टुअर्ट एल्फिंस्टन; **अध्याय 15 I. भारतीय राष्ट्रवादी इतिहास-लेख** 1. राष्ट्रीय अस्मिता की खोज, 2. भारतीय संस्कृति और सभ्यता पर साम्राज्यवादी हमला; **II. कुछ आधुनिक भारतीय इतिहासकार** 1. आर.जी. भंडारकर, 2. रोमेश चंद्र दत्त, 3. के.पी. जायसवाल, 4. राधा कुमुद मुखर्जी, 5. एच.सी. रायचौधुरी, 6. जी.एस. सरदेसाई, 7. जदुनाथ सरकार, 8. एस. कृष्णास्वामी आयंगर, 9. शफात अहमद खां, 10. मध्यकालीन मुस्लिम भारत पर मुसलमानों की ऐतिहासिक कृतियों के अभाव की एक व्याख्या, 11. सुरेन्द्रनाथ सेन, 12. सरदार के.एम. पनिक्कर, 13. के.ए. नीलकांत शास्त्री, 14. आर.सी. मजूमदार; **अध्याय 16 I. मार्क्सवादी चरण** 1. अभिनव इतिहास, डी.डी. कौशाम्बी (1907-1966), 2. आर.एस. शर्मा (जन्म 1920), 3. रोमिला थापर (जन्म 1930), 4. विपिन चंद्र, 5. इरफान हबीब (जन्म 1931), II. **'सबॉल्टर्न' या अवर अध्ययन।**

(अंग्रेज़ी में भी उपलब्ध)

978 81 250 4280 8 2011 520 पृष्ठ ₹ 525.00

आज़ादी की कहानी

मौलाना अबुल कलाम आज़ाद

आज़ादी की कहानी का यह संस्करण मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की तीसवीं पुण्यतिथि के बाद प्रकाशित उनकी मूल अंग्रेज़ी पुस्तक *इंडिया विन्स फ्रीडम* के

दूसरे और संपूर्ण संस्करण का हिंदी अनुवाद है। यह मौलाना आज़ाद की आत्मकथा मात्र न होकर भारतीय इतिहास का एक अध्याय है। यह कृति मौलाना आज़ाद की देश के प्रति समर्पित भावना एवं राष्ट्रीय संघर्ष की गतिविधियों और परिस्थितियों में उनकी प्रतिक्रियाओं की अभिव्यक्ति है। इस पुस्तक का संक्षिप्त मूल अंग्रेज़ी संस्करण सर्वप्रथम 1959 में प्रकाशित हुआ। उस समय कुछ ऐसे प्रसंग भी आए थे जिन्हें यशस्वी लेखक ने अपनी मृत्यु के बाद 30 वर्षों तक राष्ट्रीय पुस्तकालय, कलकत्ता एवं राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली में सीलबंद रखवाना अपेक्षाकृत बेहतर समझा और पांडुलिपि का संशोधित एवं संक्षिप्त मसविदा ही प्रकाशन हेतु भेजा। 22 फरवरी 1988 को मौलाना आज़ाद की तीसवीं पुण्यतिथि के बाद 22 सितंबर 1988 को न्यायालय के आदेशानुसार सनसनीखेज़ सामग्री-युक्त संपूर्ण अंग्रेज़ी ग्रंथ अक्तूबर 1988 में प्रकाशित किया गया। प्रस्तुत संस्करण इसी संपूर्ण ग्रंथ का हिंदी अनुवाद है। पाठकों की सुविधा के लिए सभी सनसनीखेज़ वाक्यांशों और लेखांशों के प्रारंभ एवं अंत में तारक-चिह्न लगा दिए गए हैं।

प्रस्तुत कृति का विषय इतना रोचक एवं मनोग्राही है कि प्रत्येक भारतीय इसे पढ़ने को लालायित होगा और जिन पाठकों ने इसका पूर्व संस्करण पढ़ा है वे सुधी पाठक दोनों में परस्पर अंतर खोज सकेंगे एवं जिन पाठकों ने पूर्व संस्करण नहीं पढ़ा है वे इसका आनंद अभिनव पुस्तक के रूप में उठाएँगे।

विषयानुक्रम : 1959 के संस्करण की प्रस्तावना पूर्वपीठिका। 1. कांग्रेस ने शासन की बागडोर संभाली, 2. यूरोप में महायुद्ध, 3. मैं कांग्रेस का अध्यक्ष बना, 4. एक चीनी अंतराल, 5. क्रिप्स-मिशन, 6. बेचैनी का दौर, 7. भारत छोड़ो, 8. अहमदनगर किले की जेल, 9. शिमला-सम्मेलन, 10. आम चुनाव, 11. ब्रिटिश मंत्रिमंडलीय मिशन, 12. विभाजन की भूमिका, 13. अंतरिम सरकार, 14. माउंटबेटन मिशन, 15. एक सपने का अंत, 16. विभाजित हिंदुस्तान। उपसंहार। परिशिष्ट। संदर्भिका।

(अंग्रेज़ी, बांग्ला, उर्दू में भी उपलब्ध)

978 81250 5888 5 2015 280 पृष्ठ ₹ 695.00

राजनीति विज्ञान POLITICAL SCIENCE

भारतीय राजव्यवस्था (पाँचवाँ संस्करण)

राजेश मिश्रा

नवीन

यह पाठ्यपुस्तक संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) एवं विभिन्न राज्य लोक सेवा आयोगों की सिविल सेवा परीक्षा (प्रारंभिक एवं मुख्य) के लिए अत्यंत उपयोगी है। इसके अतिरिक्त यह पाठ्यपुस्तक स्नातक एवं परास्नातक के उन विद्यार्थियों के लिए भी अत्यधिक उपयोगी है, जो भारतीय संविधान एवं शासन प्रणाली को सरल एवं सटीक रूप में समझना चाहते हैं। इस पुस्तक में दी गई नवीनतम जानकारी इसे इस विषय की एक परिपूर्ण पुस्तक बनाती है।

राजेश मिश्रा, मेवाड़ विश्वविद्यालय से पीएच.डी. की मानद उपाधि से सम्मानित हैं एवं वर्तमान में दिल्ली स्थित सरस्वती आई.ए.एस. संस्थान के निदेशक हैं। वे पिछले 24 वर्षों से राजनीति विज्ञान का अध्यापन कर रहे हैं। उनकी लेखन में गहरी रुचि रही है। उनके द्वारा लिखित अन्य पुस्तकों में *भारतीय विदेश नीति* और *राजनीति विज्ञान : एक समग्र अध्ययन* शामिल हैं।

विषयानुक्रम : आभार, भूमिका। **भाग-1 भारतीय संविधान का ऐतिहासिक आधार** 1. भारतीय संविधान का ऐतिहासिक विकास, 2. संविधान सभा, 3. संविधान पर आंतरिक एवं बाह्य प्रभाव; **भाग-2 भारतीय संविधान की विशेषताएं** 1. भारतीय संविधान की विशेषताएं, 2. भारतीय संविधान की प्रस्तावना, 3. संघ एवं राज्य क्षेत्र, 4. नागरिकता, 5. मूल अधिकार, 6. राज्य के नीति निदेशक तत्त्व, 7. मूल कर्तव्य, 8. संविधान संशोधन, 9. संविधान की आधारभूत संरचना, 10. शक्ति का पृथक्करण; **भाग-3 संघ एवं राज्यों के कार्य एवं उत्तरदायित्व** 1. संघीय शासन की संरचना, 2. संघीय शासन की चुनौतियाँ, 3. संघीय शासन से संबंधित मुद्दे, 4. संघीय शासन में स्वायत्तता के विशिष्ट रूप, 5. स्थानीय स्तर पर शक्ति एवं वित्तीय हस्तांतरण, 6. नगरपालिका; **भाग-4 संवैधानिक ढांचा** 1. भारतीय संसद-संरचना, 2. संसद के कार्य एवं शक्तियां, 3. संसद का कार्य संचालन, 4. संसदीय विशेषाधिकार, 5. संसदीय कार्यप्रणाली, 6. संसदीय समितियां; **भाग-5 संघ सरकार की संरचना, संगठन एवं प्रकार्य** 1. राष्ट्रपति, 2. उप-राष्ट्रपति, 3. प्रधानमंत्री; **भाग-6 न्यायपालिका की संरचना एवं कार्य** 1. उच्चतम न्यायालय, 2. उच्च न्यायालय, 3. न्यायिक पुनरावलोकन एवं न्यायिक सक्रियता, 4. अधीनस्थ न्यायालय, 5. वैकल्पिक न्याय प्रणाली; **भाग-7 राज्य सरकार** 1. राज्यपाल, 2. मुख्यमंत्री, 3. राज्य विधान मंडल; **भाग-8 संवैधानिक निकाय** 1. निर्वाचन आयोग, 2. जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम, 3. चुनाव प्रणाली, 4. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, 5. संघ लोक सेवा आयोग, 6. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, 7. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग; **भाग-9 सांविधिक निकाय** 1. राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, 2. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, 3. राष्ट्रीय महिला आयोग, 4. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग; **भाग-10 अन्य संवैधानिक उपबंध** 1. केंद्र-शासित क्षेत्र, 2. राजभाषा, 3. आपात उपबंध; **भाग-11 मंत्रालय एवं दबाव समूह** 1. मंत्रालय एवं विभाग, 2. दबाव समूह; **भाग-12 भारतीय संवैधानिक योजना की अन्य देशों की संवैधानिक योजनाओं के साथ तुलना** 1. ब्रिटेन का संविधान, 2. संयुक्त राज्य अमेरिका का संविधान, 3. फ्रांस का संविधान, 4. चीन का संविधान, 5. स्विट्जरलैंड का संविधान; **भाग-13 शासन** 1. शासन (गवर्नेंस), 2. ई-गवर्नेंस, 3. सिटीजन चार्टर (नागरिक अधिकार-पत्र) 4. सूचना का अधिकार; **भाग-14 वर्तमान राजनीतिक मुद्दे** 1. क्षेत्रवाद, 2. संप्रदायवाद, 3. पंथनिरपेक्षता, परिशिष्ट, संदर्भ पुस्तकें।

978 93 5442 446 5 **2023** **586 पृष्ठ** **₹ 595.00**

राजनीति विज्ञान : एक समग्र अध्ययन (सातवाँ संस्करण)

UGC (NET/JRF) प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

राजेश मिश्रा

नवीन

यू.जी.सी. के नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित यह पाठ्यपुस्तक यू.जी.सी. नेट-जे.आर.एफ. एवं अन्य प्रवेश परीक्षाओं के लिए उपयोगी है। यह उच्चतर शिक्षा आयोग द्वारा संचालित परास्नातक एवं स्नातक स्तर की प्रवक्ता परीक्षा के लिए भी अत्यंत कारगर है। इसके अतिरिक्त यह पाठ्यपुस्तक स्नातक एवं परास्नातक के विद्यार्थियों के लिए भी अत्यधिक उपयोगी है, जो राजनीति विज्ञान को सरल एवं सटीक रूप में समझना चाहते हैं। प्रस्तुत पुस्तक के परिष्कृत एवं परिवर्द्धित सातवें संस्करण में कई नए खंड जोड़े गए हैं, जैसे- भारत की विदेश नीति, भारत में राजनीतिक संस्थाएं, भारत में राजनीतिक प्रक्रिया, लोक प्रशासन, भारत में शासन विधि तथा लोक नीति इत्यादि। इससे पुस्तक पाठ्यक्रमानुसार संपूर्ण हो गई है।



राजेश मिश्रा, **राजेश मिश्रा**, मेवाड़ विश्वविद्यालय से पीएच.डी. की मानद उपाधि से सम्मानित हैं एवं वर्तमान में दिल्ली स्थित सरस्वती आई.ए.एस. संस्थान के निदेशक हैं। वे पिछले 24 वर्षों से राजनीति विज्ञान का अध्यापन कर रहे हैं। उनकी लेखन में भी गहन रुचि रही है। उनके द्वारा लिखित अन्य पुस्तकों में *भारतीय राजव्यवस्था* और *भारतीय विदेश नीति भूमंडलीकरण के दौर में* शामिल हैं।

विषयानुक्रम : सातवें संस्करण की भूमिका, आभार। **भाग-1: राजनीतिक अवधारणाएँ** 1. स्वतंत्रता, 2. समानता, 3. न्याय, 4. अधिकार, 5. शक्ति, 6. लोकतंत्र, 7. नागरिकता, 8. विचारधारा, 9. उदारवाद, 10. अनुदारवाद, 11. समाजवाद, 12. मार्क्सवाद, 13. नारीवाद, 14. पारिस्थितिकीवाद, 15. समुदायवाद, 16. उत्तर-आधुनिकतावाद। **भाग-2 : राजनीतिक विचारक** 1. कन्फ्यूशियस, 2. प्लेटो, 3. अरस्तू, 4. मैकियावेली, 5. थॉमस हॉब्स, 6. जॉन लॉक, 7. जे.जे. रूसो, 8. बेंथम, 9. जे.एस. मिल, 10. हीगल, 11. टी.एच. ग्रीन, 12. कार्ल मार्क्स, 13. ग्रामशी, 14. लेनिन, 15. माओ, 16. रॉबर्ट नॉजिक, 17. मेरी वोल्स्टोनक्राफ्ट, 18. हन्ना आरेंट, 19. फ्रांज फैनन, 20. जॉन रॉल्स। **भाग-3 : भारतीय राजनीतिक विचारक** 1. धर्मशास्त्र, 2. कौटिल्य, 3. अगानासुत्त, 4. अरबिंदो घोष, 5. महात्मा गांधी, 6. विनायक दामोदर सावरकर, 7. बाबासाहेब अम्बेडकर, 8. जयप्रकाश नारायण, 9. एम.एन. रॉय, 10. जियाउद्दीन बरनी, 11. कबीर, 12. पंडिता रमाबाई, 13. बाल गंगाधर तिलक, 14. स्वामी विवेकानंद, 15. रवीन्द्रनाथ टैगोर, 16. पेरियार ई.वी. रामास्वामी, 17. मोहम्मद इकबाल, 18. जवाहरलाल नेहरू, 19. राममनोहर लोहिया, 20. दीनदयाल उपाध्याय। **भाग-4 : तुलनात्मक राजनीतिक विश्लेषण** 1. तुलनात्मक राजनीति के अध्ययन के उपागम, 2. उपनिवेशवाद तथा विउपनिवेशीकरण, 3. राष्ट्रवाद, 4. राज्यों के सिद्धांत, 5. राजनीतिक शासन प्रणालियां, 6. संविधान तथा संविधानवाद, 7. लोकतांत्रिकरण, संक्रमण तथा समेकन, 8. विकास, 9. शक्ति की संरचना, 10. निर्वाचन पद्धतियां, 11. राजनीतिक दल एवं दलीय प्रणाली, 12. सामाजिक आंदोलन एवं नव सामाजिक आंदोलन, 13. गैर-सरकारी संगठन एवं नागरिक समाज। **भाग-5 : अंतर्राष्ट्रीय संबंध** 1. अंतर्राष्ट्रीय संबंध के अध्ययन के उपागम, 2. युद्ध तथा संघर्ष, 3. संघर्ष तथा शांति, 4. अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में शक्ति, 5. शक्ति संतुलन, शांति और सुरक्षा, 6. राष्ट्रीय सुरक्षा की बदलती अवधारणा, 7. अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में राष्ट्रीय हित, 8. संयुक्त राष्ट्र संघ, 9. अंतर्राष्ट्रीय संबंध की राजनीतिक अर्थव्यवस्था, 10. क्षेत्रीय संगठन, 11. समसामयिक चुनौतियाँ। **भाग-6 : भारतीय विदेश नीति** 1. भारत की विदेश नीति पर दृष्टिकोण, 2. भारत की विदेश नीति में निरंतरता एवं बदलाव, 3. प्रमुख शक्तियों के साथ भारत के संबंध, 4. बहुध्रुवीय विश्व के साथ भारत के संबंध, 5. पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंध, 6. समसामयिक चुनौतियाँ। **भाग-7 : भारत में राजनीतिक संस्थाएं** 1. भारतीय संविधान का निर्माण, 2. संवैधानिक विकास, 3. संविधान सभा, 4. संविधान का दर्शन, 5. भारत में संविधानवाद, 6. संघीय कार्यपालिका, 7. संसद, 8. न्यायपालिका, 9. राज्यों में कार्यपालिका तथा विधानमंडल, 10. भारत में संघवाद, 11. निर्वाचन प्रक्रिया तथा निर्वाचन आयोग, 12. स्थानीय शासन संस्थाएं, 13. संवैधानिक तथा सांविधिक निकाय। **भाग-8 : भारत में राजनीतिक प्रक्रियाएं** 1. राज्य, अर्थव्यवस्था तथा विकास, 2. उदारीकरण की प्रक्रिया, 3. पहचान की राजनीति, 4. सामाजिक आंदोलन, 5. भारत में जेंडर और राजनीति, 6. राजनीतिक दलों की विचारधारा और सामाजिक आधार, 7. चुनाव और चुनावी राजनीति। **भाग-9 : लोक प्रशासन** 1. लोक प्रशासन : अर्थ तथा

विकास, 2. लोक प्रशासन के सिद्धांत एवं अवधारणाएं, 3. संगठन के सिद्धांत एवं नियम, 4. संगठन का प्रबंधन।
भाग-10 : भारत में शासन विधि तथा लोक नीति
1. शासन, सुशासन तथा लोकतंत्रीय शासन, 2. उत्तरदायित्व तथा नियंत्रण, 3. सुशासन के सांस्थानिक तंत्र, 4. योजना तथा विकास, 5. सामाजिक-आर्थिक विकास के उपकरण के रूप में लोक नीति। महत्त्वपूर्ण पुस्तकें।

978 93 5287 844 4 2019 800 पृष्ठ ₹ 795.00

भारत में राजनीतिक प्रक्रिया

अभय प्रसाद सिंह/कृष्ण मुरारी

भारत में राजनीतिक प्रक्रिया राजनीति विज्ञान के पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयार की गई है। इस पुस्तक का मूल उद्देश्य हिंदी भाषा में अध्ययन एवं अध्यापन हेतु प्रामाणिक तथा स्तरीय पठन सामग्री उपलब्ध कराना है। यह प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी निश्चित रूप से लाभकारी होगी।

प्रस्तुत पुस्तक विद्यार्थियों को यह बताने का प्रयास करती है कि किस तरह राजनीतिक प्रक्रिया संवैधानिक और कानूनी नियमों से कहीं आगे बढ़ गई है। यह आधुनिक राजनीतिक सत्ता के कार्यान्वयन एवं विरोधाभासी आयामों से परिचय कराती है। पुस्तक में तेरह अध्याय हैं- 1. समकालीन भारत में राजनीतिक प्रक्रिया : मुद्दे और चुनौतियाँ, 2. राजनीतिक दल और दलीय प्रणाली, 3. निर्वाचन आयोग एवं चुनाव सुधार, 4. भारत में मतदान व्यवहार के निर्धारक तत्त्व : वर्ग, जाति, जेंडर एवं धर्म, 5. क्षेत्रीय आकांक्षाएँ : अलगाव की राजनीति और समायोजन, 6. धर्म एवं राजनीति : अल्पसंख्यक एवं बहुसंख्यक सांप्रदायिकता, 7. भारत में धर्मनिरपेक्षता : सिद्धांत, व्यवहार एवं विवाद, 8. जाति, वर्ग और पितृसत्ता, 9. भारतीय राजनीति और जाति, 10. सकारात्मक कार्यवाही की नीतियाँ : जाति और वर्ग, 11. सकारात्मक कार्यवाही व महिलाएँ, 12. भारतीय लोकतांत्रिक विकासात्मक राज्य और कल्याणकारी शासन प्रणालियाँ, 13. भारतीय राज्य का दमनकारी स्वरूप।

पुस्तक सरल और सहज शैली में लिखी गई है और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए वृहत् पारिभाषिक शब्दावली भी दी गई है।

अभय प्रसाद सिंह 20 वर्षों से राजनीति विज्ञान में स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को पढ़ा रहे हैं। वे एम.फिल. और पीएच.डी. के शोधार्थियों का दिशा निर्देशन भी करते हैं। उनकी प्रकाशित पुस्तकों में शामिल हैं – *भारत में संवैधानिक शासन और लोकतंत्र; भारत में उपनिवेशवाद; भारत में राष्ट्रवाद; समकालीन भारत में विकास की प्रक्रिया और सामाजिक आंदोलन; राष्ट्रवाद का भारतनामा* तथा *शासन : मुद्दे और चुनौतियाँ*। संप्रति, वे पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।

कृष्ण मुरारी शहीद भगत सिंह कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में अध्यापन करते हैं। उन्होंने *राजनीतिक समाजशास्त्र* (सहलेखन में) तथा *शासन : मुद्दे और चुनौतियाँ* एवं *भारत में संवैधानिक शासन और लोकतंत्र* (सहसंपादन में) पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

विषयानुक्रम : प्राक्कथन, पारिभाषिक शब्दावली। 1. समकालीन भारत में राजनीतिक प्रक्रिया-मुद्दे और चुनौतियाँ : भूमिका, राजनीतिक दल, दलीय प्रणाली, भारतीय राजनीति व निर्वाचन आयोग, क्षेत्रवाद बनाम संघवाद, सांप्रदायिकता एवं धर्मनिरपेक्षता, चुनावी राजनीति में जाति एवं विकास, राज्य की विकासवादी प्रकृति सामाजिक आंदोलन, निष्कर्ष। 2. राजनीतिक दल और दलीय प्रणाली : भूमिका, राजनीतिक दलों का वैचारिक आधार, भारत में प्रमुख राजनीतिक दल, राजनीतिक परिवर्तन की पड़ताल : दलों की बढ़ती संख्या, दलीय प्रणाली, भारत में दलीय व्यवस्थाएं, गठबंधन की राजनीति और भारत का उत्तरोत्तर संघात्मीकरण, भारतीय राज्यों में दलीय प्रणालियां, निष्कर्ष। 3. निर्वाचन आयोग एवं चुनाव सुधार : भूमिका, संवैधानिक प्रावधान, राज्य निर्वाचन आयोग, निर्वाचन आयोग की भूमिका : विभिन्न चरण, चुनाव सुधार, न्यायपालिका एवं चुनाव प्रक्रिया, समकालीन बहस, चुनौतियाँ, निष्कर्ष। 4. भारत में मतदान व्यवहार के निर्धारक तत्त्व : वर्ग, जाति, जेंडर एवं धर्म : भूमिका, मतदान व्यवहार के निर्धारक तत्त्व, निष्कर्षात्मक अवलोकन। 5. क्षेत्रीय आकांक्षाएं : अलगाव की राजनीति और समायोजन : भूमिका, भारत में क्षेत्रीय आकांक्षाओं की प्रकृति, क्षेत्रीय आकांक्षाओं के विविध स्वरूप, भाषायी कारक, आर्थिक कारक, राजनीतिक कारक, धार्मिक कारक, संजातीय एवं सांस्कृतिक कारक, अलगाव की राजनीति, पंजाब का मुद्दा, पूर्वोत्तर का मुद्दा, जम्मू एवं कश्मीर का मुद्दा, संघीय व्यवस्था और विविधता का समायोजन, जनजाति स्वायत्त परिषद्, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन अधिकार अधिनियम (FRA) 2006, पूर्वोत्तर राज्यों के लिए नीतिगत पहल, संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका, क्षेत्रीय आकांक्षाओं के समायोजन संबंधित सुझाव, निष्कर्ष। 6. धर्म और राजनीति : अल्पसंख्यक एवं बहुसंख्यक सांप्रदायिकता : भूमिका, धर्म और राजनीति के बीच संबंध, भारत में सांप्रदायिकता, सांप्रदायिकता के कारण, भारत में सांप्रदायिकता के प्रकार, निष्कर्ष। 7. भारत में धर्मनिरपेक्षता : सिद्धांत एवं व्यवहार : भूमिका, वैश्विक स्तर पर धर्मनिरपेक्षता की अवधारणाएं, भारत में धर्म निरपेक्षता, संविधान सभा एवं धर्मनिरपेक्षता का प्रश्न, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार, भारतीय राजनीति में धर्मनिरपेक्षता : राजनेताओं का दृष्टिकोण, भारतीय राजनीति में धर्म एवं धर्मनिरपेक्षता : एक संक्षिप्त विवरण, भारतीय धर्मनिरपेक्षता की आलोचना, राजीव भार्गव का दृष्टिकोण एवं आलोचनाओं का जवाब, अमर्त्य सेन के विचार, निष्कर्ष। 8. जाति, वर्ग और पितृसत्ता : भूमिका, जाति का अर्थ, जाति और उप जाति, राजनीति के माध्यम से जाति गतिशीलता, वर्ग की अवधारणा, भारत में नवीन मध्यम वर्ग की भूमिका, जाति और वर्ग, पितृसत्ता, पितृसत्ता : नारीवाद अवधारणा, रेडिकल नारीवाद की आलोचना, भारतीय समाज में पितृसत्ता, शोषण से लेकर सशक्तीकरण तक का सफर, निष्कर्ष। 9. भारतीय राजनीति और जाति : भारत में जाति का प्रश्न : औपनिवेशिक काल की पृष्ठभूमि, भारतीय संविधान में जातिगत समानता और सामाजिक न्याय का प्रश्न, समकालीन सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य में जाति, राजनीति और जाति का अंतर्संबंध, निष्कर्ष। 10. सकारात्मक कार्यवाही की नीतियां : जाति और वर्ग : भूमिका, सामाजिक न्याय के आधार, भारत में सकारात्मक कार्यवाही की नीति, संविधान सभा और सकारात्मक कार्यवाही, लाभार्थियों की पहचान का मुद्दा : जाति या वर्ग, आरक्षण : अवसर, अधिकार और सम्मान, सकारात्मक कार्यवाही : एक वैश्विक अनुभव, सकारात्मक कार्यवाही और न्यायपालिका, सकारात्मक कार्यवाही : मूल्यांकन एवं निष्कर्ष। 11. सकारात्मक कार्यवाही व महिलाएं : भूमिका, महिलाओं संबंधी संवैधानिक प्रावधान, महिलाओं संबंधी अन्य महत्त्वपूर्ण कानून, 73वां तथा 74वां संवैधानिक संशोधन अधिनियम-1922, महिला अधिकारों का हनन, घरेलू हिंसा अधिनियम 2006, महिलाएं व मानव अधिकार, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग व महिलाएं, राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा उठाए गए सकारात्मक कदम, महिला आयोग व उसकी सीमाएं, महिलाएं व सरकारी नीतियां, गैर-सरकारी संस्थाएं व महिलाएं, सकारात्मक कार्यवाही : कुछ तथ्य, निष्कर्ष। 12. भारतीय लोकतांत्रिक विकासात्मक राज्य और कल्याणकारी शासन प्रणालियां : भूमिका, लोकतांत्रिक राज्य, कल्याणकारी राज्य, विकासात्मक राज्य, मूल्यांकन। 13. भारतीय राज्य का दमनकारी स्वरूप : भूमिका, स्वतंत्र भारत में दमनकारी कानून, राजनीतिक संस्थाओं के परिप्रेक्ष्य में भारतीय राज्य, भारत का संविधान और दमनकारी कानून व्यवस्था, सत्ता का दमनचक्र, निवारक-नज़रबंदी कानून, निरोध एवं गिरफ्तारी से संरक्षण (अनुच्छेद-22), आर्तरिक सुरक्षा अधिनियम (मीसा) 1971, टाडा, सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून, 1958, पोटा और फिर पोटो का आगमन, गैर-कानूनी गतिविधि (निरोधक) अधिनियम (संशोधित) 2008 (युपा), महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट (मकोका), पंजाब में दमनकारी कानून, भारतीय राज्य का दमनकारी स्वरूप, प्रेस की आज़ादी, दमन के कुछ अन्य क्षेत्र, हिंसा के अन्य क्षेत्र, निष्कर्ष। संदर्भिका, अनुक्रमणिका।

978 93 5287 637 2 2019 296 पृष्ठ ₹395.00

आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन

विजय कुमार वर्मा/अखिलेश पाल

आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन राजनीति विज्ञान पाठ्यक्रम के ''आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन'' पेपर को आधार बनाकर तैयार की गई है।

यह पुस्तक कुछ प्रमुख भारतीय राजनीतिक चिंतकों व उनके प्रतिनिधि चिंतनों से संबंधित है। पुस्तक में शामिल किए गए हैं : राममोहन राय के अधिकार संबंधी विचार, रमाबाई की जेंडर संबंधी संकल्पना, विवेकानंद की आदर्श समाज की अवधारणा, गांधी के स्वराज संबंधी आग्रह, बाबासाहेब अंबेडकर की सामाजिक न्याय संबंधी सोच, टैगोर के राष्ट्रवाद को लेकर उनके तर्क-वितर्क, सावरकर की हिंदुत्व के प्रति उनकी अभिव्यक्ति, इकबाल के समुदाय विषयक विचार, नेहरू का धर्म-निरपेक्षता जनित चिंतन एवं लोहिया की समाजवाद संबंधी सोच। पुस्तक में कुल 11 पाठ हैं। विद्यार्थियों के सहज विषय-प्रवेश हेतु पारिभाषिक शब्दावली दी गई है जिससे पुस्तक सरल व बोधगम्य बन गई है।

विजय कुमार वर्मा, पिछले 21 सालों से स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाएँ ले रहे हैं। *संयुक्त राष्ट्र एवं वैश्विक संघर्ष* उनकी प्रकाशित पुस्तकों में से है। संप्रति, वे

राजनीति विज्ञान विभाग, दयाल सिंह कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।

अखिलेश पाल, ईश्वर सरन पी.जी. कॉलेज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। उनकी प्रकाशित पुस्तकों में *फेडरेलिज़्म एंड डेमोक्रेटिक प्रोसेस इन इंडिया* एवं *गांधी मार्ग की विश्वव्यापकता : सिद्धांत एवं व्यवहार* हैं।

विषयानुक्रम : भूमिका। पारिभाषिक शब्दावली। 1. विषय-प्रवेश : प्राचीन भारत में राजनीतिक चिंतन; मध्यकालीन भारत में राजनीतिक चिंतन; आधुनिक भारत में राजनीतिक चिंतन; संदर्भ-ग्रंथ। 2. राजा राममोहन राय : अधिकार, जीवन, शिक्षा एवं उपलब्धियां; महत्त्वपूर्ण रचनाएं; राजनीतिक विचार; सामाजिक विचार; आर्थिक विचार; निष्कर्ष; संदर्भ-ग्रंथ। 3. पंडिता रमाबाई : जेंडर, जीवन, शिक्षा एवं उपलब्धियां; महत्त्वपूर्ण रचनाएं; पंडिता रमाबाई के जेंडर एवं महिला शिक्षा संबंधी विचार; द हाई-कास्ट हिंदू वीमेन में महिलाओं का वर्णन; निष्कर्ष; संदर्भ-ग्रंथ। 4. स्वामी विवेकानंद : आदर्श समाज, जीवन, शिक्षा एवं उपलब्धियां; महत्त्वपूर्ण रचनाएं; विवेकानंद के चिंतन का आधार; दार्शनिक एवं धार्मिक चिंतन; आदर्श समाज का विचार; सामाजिक विचार; राजनीतिक विचार; निष्कर्ष; संदर्भ-ग्रंथ। 5. महात्मा गांधी : स्वराज, जीवन, शिक्षा एवं उपलब्धियां; महत्त्वपूर्ण रचनाएं; गांधी के प्रेरणा स्रोत; गांधी के दर्शन के नैतिक व आध्यात्मिक आधार; स्वराज की अवधारणा; ग्राम : गणराज्यों का संघ; राजनीतिक स्वराज; सामाजिक स्वराज : सहयोग एवं सहनशीलता का आदर्श; आर्थिक स्वराज; नैतिक स्वराज; गांधी के अन्य महत्त्वपूर्ण सिद्धांत; निष्कर्ष : गांधी की प्रासंगिकता; संदर्भ-ग्रंथ। 6. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर : सामाजिक न्याय, जीवन, शिक्षा एवं उपलब्धियां; महत्त्वपूर्ण रचनाएं; सामाजिक न्याय का विचार; राजनीतिक विचार; अंबेडकर और राष्ट्रवाद; अंबेडकर और लोकतंत्र; भारतीय लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक स्थितियां; निष्कर्ष; संदर्भ-ग्रंथ। 7. गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर : राष्ट्रवाद की आलोचना, जीवन, शिक्षा एवं उपलब्धियां; महत्त्वपूर्ण रचनाएं; टैगोर का राष्ट्रवादी दृष्टिकोण; राष्ट्रवाद; टैगोर एवं गांधी; स्वतंत्रता; अंतर्राष्ट्रवाद; निष्कर्ष; संदर्भ-ग्रंथ। 8. मुहम्मद इकबाल : समुदाय, जीवन, शिक्षा एवं उपलब्धियां; महत्त्वपूर्ण रचनाएं; समुदाय एवं राजनीतिक विचार; धर्मतंत्र; इस्लामी सार्वभौमवाद; पाश्चात्य सभ्यता के विषय में इकबाल के विचार; एक प्रगतिवादी धार्मिक पुनर्जागरणवादी; पाकिस्तान पर विचार; निष्कर्ष; संदर्भ-ग्रंथ। 9. वीर वी.डी. सावरकर : हिंदुत्व, जीवन, शिक्षा एवं उपलब्धियां; महत्त्वपूर्ण रचनाएं; हिंदुत्व की अवधारणा; सामाजिक विचार; आर्थिक विचार; निष्कर्ष; संदर्भ-ग्रंथ। 10. पंडित जवाहरलाल नेहरू : धर्म-निरपेक्षता, जीवन, शिक्षा एवं उपलब्धियां; महत्त्वपूर्ण रचनाएं; नेहरू : धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा; धर्मनिरपेक्षता का आधार एवं मूल बिंदु; राजनीतिक विचार; नेहरू : राष्ट्रवाद तथा अंतर्राष्ट्रवाद; निष्कर्ष; संदर्भ-ग्रंथ। 11. डॉ. राममनोहर लोहिया : समाजवाद, जीवन, शिक्षा एवं उपलब्धियां; महत्त्वपूर्ण रचनाएं लोहिया का समाजवादी चिंतन; सामाजिक विचार; भाषा संबंधी विचार; निष्कर्ष; संदर्भ-ग्रंथ, शब्द-अनुक्रमणिका।

978 93 5287 560 3 2019 272 पृष्ठ ₹360.00

आधुनिक राजनीतिक दर्शन

शुभ्रा परमार

आधुनिक राजनीतिक दर्शन राजनीति विज्ञान के पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयार की गई है। यह पुस्तक विश्वविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। सरल हिंदी भाषा में इतने विस्तार से

आधुनिक राजनीतिक दर्शन और उससे जुड़े चिंतन को प्रस्तुत करने वाली यह एकमात्र पुस्तक है।

यह पुस्तक पाश्चात्य राजनीतिक विचारकों की धारणाओं, विविध दार्शनिकों और उनके आधुनिक संदर्भों पर विचार करती है। साथ ही यह विचार-विमर्श, मूल्यांकन एवं तर्क-वितर्क की क्षमता भी विकसित करती है। पुस्तक में नौ अध्याय हैं–1. आधुनिकता और उसके विभिन्न संदर्भ, 2. रूमानीवाद, 3. रूसो : रूमानीवादी, 4. मैरी वुलस्टोनक्राफ्ट : प्रथम नारीवादी, 5. सामाजिक उदारवादी, 6. जॉन स्टुअर्ट मिल : उदारवादी समाजवादी, 7. रेडिकल्स, 8. कार्ल मार्क्स : रेडिकल, 9. एलेक्जेंड्रा कोलनताई : रेडिकल नारीवादी। इस पुस्तक की एक विशेषता यह है कि इसमें मैरी वुलस्टोनक्राफ्ट और एलेक्जेंड्रा कोलनताई जैसी नारीवादी विचारकों के दर्शन पर विस्तार से चर्चा की गई है, जिस पर हिंदी में पठन सामग्री उपलब्ध नहीं है।

पुस्तक सरल और सहज शैली में लिखी गई है और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए पारिभाषिक शब्दावली एवं विभिन्न चिंतकों के नाम एवं तकनीकी शब्द अंग्रेज़ी और हिंदी दोनों में दिए गए हैं। साथ ही विस्तृत संदर्भ ग्रंथ सूची भी दी गई है।

शुभ्रा परमार दिल्ली विश्वविद्यालय के भगिनी निवेदिता कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। उन्होंने *नारीवादी सिद्धांत और व्यवहार* एवं *रवांडा : एथिनिक कोनफ्लिक्ट, जीनोसाइड एंड वूमन* पुस्तकें लिखी हैं।

विषयानुक्रम : आभार। समर्पण। विषय-प्रवेश। 1. आधुनिकता और उसके विभिन्न संदर्भ : आधुनिकता, आधुनिकता का व्यापक संदर्भ, आधुनिकता के विभिन्न संदर्भ, प्रबुद्धवाद के विभिन्न चरण, प्रबुद्धवाद की परिभाषा, इमैनुअल कांट एवं प्रबुद्धवाद, आधुनिकता और इससे संबंधित पुस्तकों के संदर्भ, निष्कर्ष। संदर्भ एवं टिप्पणियां। 2. रूमानीवाद : रूमानीवाद की पृष्ठभूमि, पूर्व रूमानीवादी विचारधारा, रूमानीवाद का प्रथम चरण 1750-1805 तक, रूमानीवाद का द्वितीय चरण 1805-1830 तक, रूमानीवाद का तृतीय चरण 1830-1850 तक, नव रूमानीवाद 1850-1910 तक, रूमानीवाद की प्रमुख विशेषताएं, जीन जॉक रूसो, रूमानीवादी : मैरी वुलस्टोनक्राफ्ट, निष्कर्ष। संदर्भ एवं टिप्पणियां। 3. रूसो : रूमानीवादी, द डिस्कोर्स ऑन द इनइक्वालिटी, 1754, डिस्कोर्स ऑन पॉलिटिकल इकोनॉमी, 1758, सामाजिक अनुबंध का सिद्धांत, स्थानीय एवं प्रत्यक्ष लोकतंत्र और स्वशासन, सामान्य इच्छा का सिद्धांत, सामान्य इच्छा : लोकतंत्र के लिए एक आधार, लोकतांत्रिक शासन : रूसो, लोकतांत्रिक शासन की शर्तें, निष्कर्ष। संदर्भ एवं टिप्पणियां। 4. मैरी वुलस्टोनक्राफ्ट : प्रथम नारीवादी, महिलाएं और पितृसत्तावाद, मैरी वुलस्टोनक्राफ्ट : विंडीकेशन ऑफ़ द राईट्स ऑफ़ वीमेन, रूसो के शिक्षा संबंधी विचार पर मैरी वुलस्टोनक्राफ्ट की आलोचना, महिलाओं के कानूनी अधिकार, महिला जीवन की उदारवादी धारणाएं, मैरी वुलस्टोनक्राफ्ट के कट्टरपंथी विचार, वुलस्टोनक्राफ्ट के आर्थिक उदारवाद पर विचार, निष्कर्ष। संदर्भ एवं टिप्पणियां। 5. सामाजिक उदारवाद, संदर्भ एवं टिप्पणियां। 6. जॉन स्टुअर्ट मिल : उदार समाजवादी, जॉन स्टुअर्ट मिल और महिलाओं के मताधिकार, कंसीडरेशंस ऑन रिप्रिजेंटेटिव गवर्नमेंट, 1861, समकालीन नारीवादियों में मिल के विचारों का महत्त्व, मिल द्वारा जेरेमी बेंथम के उपयोगितावाद के सिद्धांत का संशोधन, युटीलिटेरियनिज़्म (उपयोगितावाद), निष्कर्ष। संदर्भ एवं टिप्पणियां। 7. रेडिकल्स, कार्ल मार्क्स : एक रेडिकल विचारक। संदर्भ एवं टिप्पणियां। 8. कार्ल मार्क्स : रेडिकल, कार्ल मार्क्स के महत्त्वपूर्ण सिद्धांत, अलगाव का सिद्धांत, ऐतिहासिक भौतिकवाद, द्वंद्वात्मक भौतिकवाद, भौतिकवाद संबंधी अन्य सिद्धांत, मार्क्स का ऐतिहासिक भौतिकवाद का सिद्धांत, मार्क्स का द्वंद्वात्मक भौतिकवाद का सिद्धांत, हेगेल का द्वंद्वात्मक भौतिकवाद का सिद्धांत, वर्ग संघर्ष का सिद्धांत, वर्ग संघर्ष के सिद्धांत का आलोचनात्मक मूल्यांकन, निष्कर्ष। संदर्भ एवं टिप्पणियां। 9. एलेक्जेंड्रा कोलनताई : रेडिकल नारीवादी, एलेक्जेंड्रा कोलनताई का राजनीतिक जीवन, कोलनताई के महिला संबंधी विचार, कोलनताई : द सोशल बेसिस ऑफ द वीमेन क्वेश्चन (1909), रूस में विभिन्न महिला संगठन और उनके लक्ष्य, कोलनताई का कार्यरत युवाओं को एक पत्र, कोलनताई : पंखवाले और बिना पंखवाले एरोज़ की व्याख्या, पंखहीन एरोज़ के नुकसान, प्रेम-कॉमरेडशिप, सर्वहारा वर्ग के प्यार के आदर्श, एरोज़ का भविष्य क्या होगा?, कैथी पोर्टर द्वारा लिखित पुस्तकें, एलेक्जेंड्रा कोलनताई और लेनिन के बीच असहमति, निष्कर्ष। संदर्भ एवं टिप्पणियां। संदर्भ ग्रंथ सूची। परिशिष्ट I. पारिभाषिक शब्दावली, II. चिंतकों के नाम (अंग्रेज़ी वर्णमाला के अनुसार), III. चिंतकों के नाम (हिंदी वर्णमाला के अनुसार), IV. अवधारणाएं/तकनीकी शब्द। शब्द-अनुक्रमणिका।

978 93 5287 635 8 2019 240 पृष्ठ ₹395.00

राजनीति सिद्धांत : अवधारणाएँ और विमर्श

नवीन

संपादन : संजीव कुमार

राजनीतिक सिद्धांत हमें मानवीय अस्तित्व तथा सामूहिक जीवन से जुड़े प्रश्नों के बारे में तर्कसंगत ढंग से सोचने और समझने के लिए प्रेरित करते हैं। पारंपरिक रूप

से राजनीतिक सिद्धांत का संबंध स्वतंत्रता, समानता, न्याय, अधिकार, नागरिकता आदि जैसे महत्त्वपूर्ण विचार, अवधारणाओं एवं उनके बीच संबंधों की बेहतर समझ को विकसित करने से रहा है। चूंकि राजनीति के सिद्धांत पर वैचारिक प्रवचनों का प्राचीन ग्रीक काल से लेकर समकालीन समय तक गहरा विरोध रहा है, इस पुस्तक में 'शास्त्रीय और समकालीन अध्ययन' के परिप्रेक्ष्य में इन अवधारणाओं की प्रतिस्पर्धी समझ, औचित्य एवं महत्त्व को दर्शाया गया है।

राजनीति सिद्धांत : अवधारणाएँ एवं विमर्श पुस्तक एनईपी के नवीनतम स्नातक पाठ्यक्रम के अनुरूप लिखी

गई है। यह स्नातकोत्तर छात्रों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी। पुस्तक को लिखने के क्रम में इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया है कि अमूर्त अवधारणाओं को सरल, हिंदी भाषा में उचित उदाहरणों के साथ प्रस्तुत किया जाए। यह पुस्तक पाठकों को न केवल राजनीतिक सिद्धांत की मूल अवधारणाओं से बल्कि महत्त्वपूर्ण समकालीन बहसों से भी परिचित कराने में सहायक होगी। पुस्तक सामाजिक और राजनीतिक प्रथाओं के महत्त्वपूर्ण और चिंतनशील विश्लेषण और व्याख्या पर केंद्रित है और स्वतंत्रता, समानता, न्याय, अधिकार, लोकतंत्र जैसी अवधारणाओं की जटिल समझ को एक स्पष्ट और बोधगम्य परिचय प्रदान करती है।

संजीव कुमार, दिल्ली विश्वविद्यालय के ज़ाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज, राजनीति विज्ञान विभाग में प्रोफेसर हैं। वे पिछले 18 वर्षों से राजनीति सिद्धांत, भारतीय राजनीतिक चिंतन, पश्चिमी राजनीतिक दर्शन जैसे विषयों को पढ़ा रहे हैं। उनके लेख कई पुस्तकों और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय शोध-पत्रिकाओं में प्रकाशित हैं। उन्होंने *गांधी एंड दि कंटेम्परेरी वर्ल्ड* पुस्तक का संपादन किया है।

विषयानुक्रम : प्रस्तावना। **इकाई 1 – 1. स्वतंत्रता** प्रस्तावना; नकारात्मक और सकारात्मक स्वतंत्रता; सकारात्मक स्वतंत्रता की विवेचना; जे.एस. मिल के विचार; समानता के एक आयाम के रूप में स्वतंत्रता : रोनाल्ड ड्वॉर्किन की व्याख्या; व्यक्तिगत स्वायत्तता का सिद्धांत क्या है?; व्यक्तिगत स्वायत्तता का सामाजिक महत्त्व : जोसफ राज का सिद्धांत; आलोचना। **2. स्वतंत्रता, सशक्तिकरण और स्वराज** प्रस्तावना, स्वतंत्रता पर दृष्टिकोण; स्वराज; महात्मा गांधी की स्वराज की अवधारणा; स्वराज के स्तंभ। **3. भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार** प्रस्तावना; उदारवादी-लोकतांत्रिक मूल्यों में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता; अभिव्यक्ति और भाषण की स्वतंत्रता पर जॉन स्टुअर्ट मिल के विचार; भारतीय संविधान और भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार; मीडिया और भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार; भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता : तार्किक सीमाएं और प्रासंगिकता; द्वेष अथवा घृणित भाषण और अभिव्यक्ति और भाषण की स्वतंत्रता। **इकाई 2 – 4. समानता** प्रस्तावना; समानता की अवधारणा का विकास; अरस्तू और प्राचीन यूनान में समानता की समझ; थॉमस हॉब्स और प्राकृतिक समानता; रूसो के विचार में सामाजिकता और असमानता में संबंध; कार्ल मार्क्स एवं समानता की मार्क्सवादी समझ; अलेक्सी डे टॉक्विल के विचारों में लोकतंत्र और समानता के संबंध; समानता की आवश्यकता क्यों?; वितरणात्मक समानता किन बातों पर आधारित होनी चाहिए?; भारत में सकारात्मक कार्यवाही। **5. समतावाद** स्वतंत्रता पर दृष्टिकोण; मुक्ति के रूप में स्वतंत्रता; मुक्तिदायी आदर्शों के रूप में स्वतंत्रता; मुक्ति की मार्क्सवादी अवधारणा; स्वराज; स्वराज और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन; महात्मा गांधी की स्वराज की अवधारणा; व्यक्ति में स्वराज; अर्थव्यवस्था में स्वराज; स्वराज के स्तंभ। **6. सकारात्मक कार्यवाही** प्रस्तावना; सकारात्मक कार्यवाही और भेदभाव; हमें सकारात्मक कार्यवाही की नीतियों पर नैतिक पक्ष की आवश्यकता क्यों है?; समानता और सकारात्मक कार्यवाही; अवसर की समानता और सकारात्मक कार्यवाही; न्याय और सकारात्मक कार्यवाही। **इकाई 3 – 7. न्याय** प्रस्तावना; न्याय की अवधारणा; रॉल्स का न्याय का सिद्धांत; विशेष पूर्वताक्रम; रॉल्स के न्याय के सिद्धांत के आगे तथा आलोचनात्मक प्रतिक्रिया; समुदायवादी समीक्षा; रॉबर्ट नोजिक; वैश्विक न्याय और पोगे की आलोचना; नारीवादी समीक्षा; मार्क्सवादी समीक्षा। **8. वैश्विक न्याय** प्रस्तावना; जॉन रॉल्स : दि लॉ ऑफ पीपल्स; विश्ववाद और वैश्विक न्याय; वैश्विक न्याय की समस्याएं : समतावाद और प्रभुसत्ता; वैश्विक न्याय की समकालीन प्रासंगिकता। **9. राजनीतिक बाध्यता** प्रस्तावना; राजनीतिक बाध्यता की अवधारणा; ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में राजनीतिक बाध्यता; सामाजिक अनुबंध का सिद्धांत; सहमति का सिद्धांत; उपयोगितावादी सिद्धांत; प्राकृतिक कर्तव्य का सिद्धांत; राजनीतिक बाध्यता का निष्पक्षता का सिद्धांत; कृतज्ञता का सिद्धांत; राजनीतिक बाध्यता का सदस्यता और संस्थानों का सिद्धांत; राजनीतिक अराजकता; राजनीतिक बाध्यता और राजनीतिक अवज्ञा; समसामयिक विमर्श : राजनीतिक बाध्यता के सिद्धांतों की बहुलता; राजनीतिक बाध्यता की अवधारणा का आलोचनात्मक अध्ययन। **इकाई 4 – 10. अधिकार** प्रस्तावना; अधिकार का विचार; अधिकार : ऐतिहासिक मूल्यांकन; समसामयिक विमर्श; नागरिक अधिकार तथा राजनीतिक अधिकार; कानूनी अधिकारों का सिद्धांत; कानूनी अधिकारों का अवधारणात्मक अध्ययन; कानूनी अधिकारों का अधिकारी कौन हो सकता है?; नैतिक अधिकारों का सिद्धांत; मानव अधिकार; अधिकार एवं कर्त्तव्य। **11. मानवाधिकार : सार्वभौमिकता बनाम सांस्कृतिक सापेक्षवाद** भूमिका; मानवाधिकारों की सैद्धांतिक समझ; मानवाधिकारों का उदभव् एवं ऐतिहासिक संदर्भ; मानवाधिकारों की उत्पत्ति के तीन चरण; क्या मानवाधिकार सार्वभौमिक हैं?; **12. नागरिकता** प्रस्तावना; नागरिकता की समझ; नागरिकता की अवधारणा का उद्भव एवं विकास; नागरिकता की रोमन अवधारणा; उदारवादी नागरिकता : सार्वभौमिक नागरिकता और अधिकार; 20वीं शताब्दी में नागरिकता की संकल्पना; नागरिकता और समकालीन चुनौतियाँ। **13. बहुसंस्कृतिवाद** प्रस्तावना; बहुसंस्कृतिवाद की अवधारणा; बहुसंस्कृतिवाद क्या है?; बहुसंस्कृतिवाद एवं विभिन्न सैद्धांतिक दृष्टिकोण; आइरिस मैरियन यंग : विभेदीकृत नागरिकता एवं अधिकार; अंतर (विभेद) की राजनीति और समूह अधिकार; विभेदीकृत नागरिकता; विल किमलिका : सांस्कृतिक अधिकारों का उदारवादी सिद्धांत; विल किमलिका : समूह विभेदीकृत अधिकार; गुरप्रीत महाजन : विविधता, बहुलता एवं भेदभाव; बहुसंस्कृतिवाद की आलोचना; भीखू पारेख : गैर-पश्चिमी बहुसंस्कृतिवाद; ब्रयान बैरी : समतावादी उदारवाद। **इकाई 5 – 14. राज्य** प्रस्तावना; आदर्शवादी दृष्टिकोण; प्रकार्यात्मक दृष्टिकोण; संगठनात्मक दृष्टिकोण; अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण; राज्य का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य; बहुलवादी राज्य; पूँजीवादी राज्य; लेवियाथन राज्य; पितृसत्तात्मक राज्य; राज्य के प्रमुख सिद्धांत; उदारवादी दृष्टिकोण; मार्क्सवादी दृष्टिकोण; गांधीवादी दृष्टिकोण; राज्य की भूमिका; मौजूदा परिदृश्य में राज्य। **15. लोकतंत्र** प्रस्तावना; लोकतंत्र की अवधारणा; लोकतंत्र का इतिहास; आधुनिक लोकतंत्र : प्रक्रियात्मक लोकतंत्र का विचार; प्रतिनिधित्व और भागीदारी; सहभागिता लोकतंत्र; विमर्शी लोकतंत्र; विमर्शी लोकतंत्र की चुनौतियाँ। **16. शक्ति** प्रस्तावना; शक्ति का शास्त्रीय आयाम; शक्ति की अभिकरण अवधारणा; उत्तर-संरचनावादी- फूको। **17. जेंडर** प्रस्तावना; सेक्स/जेंडर-नारीवादी अध्ययन; उदार नारीवाद और जेंडर; जेंडर के उदार विचार को चुनौती : उग्र नारीवाद; उत्तर-आधुनिकतावादी दृष्टिकोण; जेंडर और अन्य अस्मिताएं। अनुक्रमणिका।

978 93 5442 521 9 **2023** **256 पृष्ठ** **₹ 365.00**

आपके कानून आपके अधिकार

संपादन : सीमा माथुर

प्रस्तावना : एन. सुकुमार

नवीन

यह पुस्तक दिल्ली विश्वविद्यालय के बी.ए. (ऑनर्स) राजनीति विज्ञान के 'आपके कानून आपके अधिकार' पेपर के अनुसार तैयार की गई है। यह पुस्तक लॉ के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी। लोकतांत्रिक समाज के लिए कानून एक महत्त्वपूर्ण और अनिवार्य पहलू है जिसमें राज्य द्वारा स्वतंत्रता, समानता और मानवीय गरिमा की सुरक्षा का आश्वासन दिया जाता है। कानून अधिकारों और कर्तव्यों का स्रोत होते हैं। यह पाठ्यपुस्तक मुख्य रूप से भारत के कानून और आपराधिक न्याय प्रणाली से संबंधित है, जिसमें लिंग, जाति, वर्ग और विकलांगता के आधार पर होने वाले भेदभाव को रोकना और उनका सशक्तीकरण, समान अवसर, सूचना का अधिकार, उपभोक्ता अधिकार संरक्षण एवं ग्रामीण रोज़गार गारंटी जैसे मुद्दों को भी संबोधित किया गया है। डिजिटलीकरण के माध्यम से आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना और राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना जैसी कई सरकारी योजनाओं की जानकारी भी पाठ्यपुस्तक में शामिल है। पुस्तक में जो विषय सम्मिलित किए गए हैं, वे हैं : कानून का शासन और भारतीय न्यायिक व्यवस्था; आपराधिक न्याय प्रशासन से संबंधित कानून; सहभागिता और अवसर की समानता; विकलांगजन : कानून व अधिकार; सूचना का अधिकार; उपभोक्ता के अधिकार; वन आदिवासी और जनजातीय अधिकार; ग्रामीण रोज़गार गारंटी; एवं सामाजिक सुरक्षा और पहचान दस्तावेज़ों तक पहुँच। पुस्तक में कानूनों में बदलाव संबंधी नवीनतम सूचनाओं को भी शामिल किया गया है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए पारिभाषिक शब्दावली और प्रश्न बैंक भी दिए गए हैं।

सीमा माथुर राजनीति विज्ञान में पीएच.डी. हैं। वे दिल्ली विश्वविद्यालय के कालिंदी कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।

एन. सुकुमार राजनीति विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं।

विषयानुक्रम : प्रस्तावना, प्राक्कथन, आभार, संकेताक्षर, पारिभाषिक शब्दावली। **1. कानून का शासन और भारतीय न्यायिक व्यवस्था** परिचय; कानून का शासन : कानून का शासन और भारतीय संविधान; भारतीय आपराधिक न्याय व्यवस्था; आपराधिक न्याय प्रणाली के घटक। भारतीय न्यायिक व्यवस्था : सर्वोच्च न्यायालय; सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना; सर्वोच्च न्यायालय का अधिकार क्षेत्र; सर्वोच्च न्यायालय और न्यायिक पुनर्विलोकन; उच्च न्यायालय; अधीनस्थ न्यायालय। न्यायालयों पर बढ़ता बोझ और वैकल्पिक न्याय व्यवस्था : न्यायाधिकरण; लोक अदालतें; न्याय पंचायत; परिवार न्यायालय; रात्रि अदालतें; मोबाइल कोर्ट; फास्ट ट्रैक कोर्ट; स्पेशल कोर्ट; निष्कर्ष। **2. आपराधिक न्याय प्रशासन से संबंधित कानून** आपराधिक न्याय प्रणाली : अर्थ एवं उद्देश्य; अपराध; आपराधिक न्याय प्रक्रिया : मुख्य विशेषताएं; प्रथम सूचना रिपोर्ट। आपराधिक न्याय प्रशासन में पुलिस की भूमिका : शिकायत; जांच-पड़ताल; सुनवाई; गिरफ्तारी; जमानत; सज़ा; निष्कर्ष। **3. लिंग, जाति, वर्ग आधारित भेदभाव और समानता** जेंडर : घरेलू हिंसा, बलात्कार तथा यौन उत्पीड़न के खिलाफ महिलाओं का संरक्षण; घरेलू हिंसा; विवाह संबंधी अपराध; बालिकाओं पर होने वाले अत्याचार; महिलाओं तथा बालिकाओं का व्यापार; बलात्कार; कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न; कानूनी सुरक्षा; जाति : अस्पृश्यता निषेध कानून और अत्याचार के विरुद्ध संरक्षण; दलितों को संवैधानिक संरक्षण; छुआछूत का अंत तथा अत्याचारों के खिलाफ संरक्षण; अनुसूचित जाति व जनजाति (अत्याचारों की रोकथाम) अधिनियम, 1989; संवैधानिक संरक्षण : कितने प्रभावी; वर्ग : न्यूनतम मजदूरी

